दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 344 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00 | जयपुर | शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष एकादशी संवत् - 2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# PM मोदी ने आंध्र प्रदेश को दी 13,430 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में लगभग 13,430 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, हमारा आंध्र प्रदेश स्वाभिमान और संस्कृति की धरती है और साथ ही विज्ञान और नवाचार का सेंटर भी है। यहां पर असीमित संभावनाएं भी हैं और युवाओं का अनन्त सामर्थ्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आंध्र को अगर जरूरत थी तो सही विजन की और सही नेतृत्व की जरूरत थी आज एन चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के रूप में आंध्र प्रदेश के पास वो विजनरी लीडरशिप भी है और केंद्र सरकार का सहयोग भी है। पिछले 16 महीनों में आंध्र प्रदेश में विकास की गाड़ी तेज गति से दौड़ रही है। डबल इंजन की सरकार में अभूतपूर्व प्रकृति हो रही है।



### 21वीं सदी 140 करोड़ हिंदुस्तानियों की सदी - पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि चंद्रबाबू ने बहुत भावना के साथ अपने विचारों को व्यक्त किया। मैं विश्वास से कहता हूं कि 21वीं सदी हिंदुस्तान की होने वाली है। 21वीं सदी 140 करोड़ हिंदुस्तानियों की सदी होने वाली है उन्होंने कहा कि यहां पर सड़क, बिजली, रेलवे, हाइवे और व्यापार जुड़े कई परियोजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। ये परियोजनाएं राज्य में कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगे और उद्योग को बढ़ावा देंगे और लोगों के जीवन को आसान बनाएंगे।

### कांग्रेस सरकारों ने आंध्र प्रदेश की क्षमताओं की उपेक्षा की : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "आंध्र प्रदेश आत्मनिर्भर भारत की सफलता का एक प्रमुख केंद्र बन रहा है। कांग्रेस सरकारों ने आंध्र प्रदेश की क्षमताओं की उपेक्षा करके पूरे देश को नुकसान पहुंचाया है। जो राज्य पूरे देश को आगे बढ़ा सकता था, वह अपने ही विकास के लिए संघर्ष कर रहा है। मुझे खुशी है कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में आंध्र प्रदेश की छवि बदली है। चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में, आंध्र प्रदेश आत्मनिर्भर भारत के लिए एक नई ताकत बन रहा है। आंध्र में विनिर्माण तेजी से बढ़ रहा है। निम्मलुरु में उन्नत नाइट विजन फैक्ट्री का उद्घाटन रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक और कदम है। यह फैक्ट्री नाइट विजन उपकरणों, मिसाइल सेंसर और ड्रोन गार्ड सिस्टम के निर्माण की भारत की क्षमता को बढ़ाएगी। यहां निर्मित उपकरण भारत के रक्षा निर्यात को भी बढ़ाएंगे। हम ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय उत्पादों की शक्ति देख चुके हैं। मुझे खुशी है कि आंध्र प्रदेश सरकार ने कुरनूल को भारत का ड्रोन हब बनाने का संकल्प लिया है।


### 2047 तक भारत विकसिक होकर रहेगा- पीएम मोदी

आज दिल्ली और अमरावती मिलकर तेज विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और जैसा चंद्रबाबू ने कहा कि इस तेजगति को देखकर मैं कह सकता हूं कि 2047 में आजादी के जब 100 साल होंगे तो विकसित भारत होकर रहेगा।

### 2047 में विकसित भारत होगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "जैसा कि चंद्रबाबू ने कहा, इस तेज गति को देखते हुए, मैं कह सकता हूं कि 2047 में, जब आजादी के 100 साल होंगे, भारत विकसित होगा. मुझे पूरा विश्वास है कि 21वीं सदी भारत की सदी होगी. 21वीं सदी 1.4 अरब भारतीयों की सदी होगी।"

## भारत दौरे पर श्रीलंकाई PM हरिनी अमरसूर्या



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद बतौर पीएम हरिनी अमरसूर्या भारत की अपनी पहली यात्रा पर दिल्ली पहुंची हैं। श्रीलंकाई पीएम अमरसूर्या 18 अक्टूबर तक भारत दौरे पर रहेंगी, जहां प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा करेंगी। अपने दौरे के पहले दिन हरिनी अमरसूर्या ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान विदेश मंत्री ने बताया कि श्रीलंका को भारत के निरंतर समर्थन और शिक्षा एवं क्षमता निर्माण में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई। इससे पहले श्रीलंकाई पीएम ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज में छात्रों को संबोधित किया।

## ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर सेमीफाइनल पंहुचा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 में डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में 10 विकेट से जीत हासिल करने के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। वह इस वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। एलिसा हीली ने नाबाद शतकीय पारी खेली।

एलिसा हीली की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 में अपना दबदबा बना रखा है। विशाखापट्टनम में खेल गए मैच में बांग्लादेश महिला टीम को कंगारू टीम ने 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने इस मैच में पहले गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को 50 ओवर्स में 198 रनों के स्कोर पर रोक दिया। इसके बाद उन्होंने इस टारगेट को 24.5 ओवर्स में बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया। कप्तान एलिसा हीली ने नाबाद 113 रन की पारी खेली। लिचफील्ड ने 84 रन की पारी खेली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। सोभना मोस्टारी (नाबाद 66) और रुबिया हैदर (44) की जुझारू पारियों की बदौलत टीम ने एक सम्मानजनक स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया की तीन गेंदबाजों ने दो-दो विकेट चटकाए। एलिना किंग ने 10 ओवर में चार मेडन किए और मात्र 18 रन खर्च किए।

## भगोड़े अपराधियों को वापस लाने के लिए मोदी सरकार ने कसी कमरः शाह

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भगोड़े अपराधियों को वापस लाने के लिए मोदी सरकार बड़ी तैयारी में जुटी में है। इसके लिए केंद्र से लेकर राज्य स्तर तक चुस्त-दुरूस्त प्रणाली बनाने का काम शुरू हो गया। इसकी झलक 'भगोड़ों का प्रत्यपर्ण, चुनौतियां और रणनीतियां' विषय पर आयोजित सम्मेलन में दिखी।

इस विषय पर पहली बार हुए सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सभी राज्यों में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विशेष जेल बनाने, प्रत्यर्पण के मामलों की प्रभावी तैयारी के लिए एक्सपर्ट स्पेशल सेल और भगोड़े को वापस लाने में सीबीआई के साथ समन्वय के लिए विशेष यूनिट तैयार करने पर जोर दिया। शाह ने खुशी जताई कि डेढ़ साल पहले उनके द्वारा दिए सुझाव का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन शुरू हो गया है। आर्थिक, साइबर, आतंकी घटनाओं और संगठित अपराध से जुड़े भगोड़े अपराधियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार इन्हें रूथलेस अप्रोच से कानून के सामने खड़ा करने की व्यवस्था कर रही है। उन्होंने साफ किया कि जब तक देश के अर्थतंत्र, संप्रभुता व सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाले विदेश में बैठे लोगों के मन में भारतीय न्याय प्रणाली का भय नहीं होगा, तब तक देश को पूरी तरह से सुरक्षित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे भगोड़े अपराधियों को यह अहसास दिलाना होगा कि वह भारतीय कानून की पहुंच से दूर नहीं है। भारतीय जेलों के हालात का हवाला देकर विदेशी अदालतों में प्रत्यर्पण का विरोध को देखते हुए अमित शाह ने सभी राज्य सरकारों से अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विशेष जेल बनाने को कहा। ताकि प्रत्यर्पण के खिलाफ यह दलील बेमानी हो जाए। इसके साथ ही उन्होंने नए आपराधिक कानून के तहत अनुपस्थिति की स्थिति में भी आरोपियों पर केस चलाने के कानून का उपोग करने की भी सलाह दी।



### निराधार आरोप का हवाला देकर प्रत्यर्पण का विरोध

उन्होंने कहा कि अदालत से सजा होने की स्थिति में भगोड़े अपराधी की स्थिति में बड़ा परिवर्तन आ जाता है। सजा से पहले निराधार आरोप का हवाला देकर वे प्रत्यर्पण का विरोध करते हैं। अमित शाह ने कहा कि भगोड़े अपराधियों को खोजने और वापस लाने के लिए सीबीआई ने विशेष ग्लोबल ऑपरेशन सेंटर स्थापित किया है। इससे दुनिया भर की पुलिस के साथ जानकारी का रियल टाइम आदान प्रदान हो रहा है।

## कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फिर फायरिंग, लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फिर से फायरिंग की गई है। इससे पहले भी कपिल शर्मा के कैफे कैप्स कैफे पर दो बार फायरिंग हो चुकी है। इसका मतलब है कि आज की घटना के साथ कपिल शर्मा के कैफे पर तीन बार फायरिंग हो चुकी है। कपिल शर्मा के कैफे पर फिर से फायरिंग करने का वीडियो भी सामने आया है। कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े गोल्डी ढिल्लो और कुलदीप सिद्दू नेपाली की जिम्मेदारी ली है। सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर लॉरेंस गैंग ने जिम्मेदारी ली है। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह। आज जो (Kaps Caffe, सरे) में तीन बार फायरिंग हुई है, उसकी ज़िम्मेदारी मैं, कुलवीर सिद्धू और गोल्डी ढिल्लों लेते हैं। हमारा आम जनता से कोई दुश्मनी नहीं है। जिनसे हमारा झगड़ा है, वो हमसे दूर रहें। सोशल मीडिया पोस्ट पर आगे लिखा कि जो लोग अवैध (दो नंबर का) काम करते हैं, लोगों से काम करवा कर पैसे नहीं देते, वो भी तैयार रहें। जो भी बॉलीवुड में धर्म के ख़िलाफ़ बोलते हैं, वो भी तैयार रहें — गोली कहीं से भी आ सकती है। वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह।









**आवश्यकता**

प्रदेश के सबसे तेज और विश्वसनीय समाचार पत्र दैनिक बढ़ता राजस्थान को टोंक जिले में सभी तहसील मुख्यालयों पर संवाददाताओं की आवश्यकता है।इच्छुक पत्रकार साथी सम्पर्क करें।
पुरूषोत्तम जोशी
जिला ब्यूरो चीफ
टोंक, राजस्थान
मों. 9783610610

## गुजरात में सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर सभी मंत्रियों का इस्तीफा

बढ़ता राजस्थान

**गुजरात।** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाले गुजरात मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार को होगा। वहीं इससे पहले आज राज्य के सभी मंत्रियों ने अपने पदों से इस्तीफा सौंप दिया है। वहीं कैबिनेट विस्तार को लेकर एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने पहले बताया था कि आगामी मंत्रिमंडल विस्तार में राज्य को लगभग 10 नए मंत्री मिल सकते हैं, और लगभग आधे मौजूदा मंत्रियों को बदला जा सकता है। भूपेंद्र पटेल ने 12 दिसंबर, 2022 को दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार सुबह 11:30 बजे होगा। वर्तमान गुजरात मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री पटेल समेत कुल 17 मंत्री हैं। इसमें आठ कैबिनेट स्तर के मंत्री हैं, जबकि इतने ही राज्य मंत्री (एमओएस) हैं। बता दें कि, 182 सदस्यीय विधानसभा वाले गुजरात में 27 मंत्री या सदन की कुल संख्या का 15 प्रतिशत मंत्री हो सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में, गुजरात सरकार में राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की जगह भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के नए अध्यक्ष बने।



गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार सुबह 11:30 बजे होगा। वर्तमान गुजरात मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री पटेल समेत कुल 17 मंत्री हैं। इसमें आठ कैबिनेट स्तर के मंत्री हैं, जबकि इतने ही राज्य मंत्री (एमओएस) हैं। बता दें कि, 182 सदस्यीय विधानसभा वाले गुजरात में 27 मंत्री या सदन की कुल संख्या का 15 प्रतिशत मंत्री हो सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में, गुजरात सरकार में राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की जगह भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के नए अध्यक्ष बने।

### क्या गुजरात फॉर्मूले के चलते मंत्रियों को छोड़ना पड़ा पद?

2022 में गुजरात में विधानसभा चुनाव हुए थे। चुनाव से 15 महीने पहले सितंबर 2021 में राज्य की पूरी कैबिनेट बदल दी गई थी। इस बार राज्य में चुनाव को करीब 26 महीने बचे हुए हैं। हालांकि, इस बार मुख्यमंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया है सिर्फ उनके कैबिनेट सहयोगियों ने पद छोड़े हैं। 2021 में तो पांच साल के अंदर दो बार मुख्यमंत्री बदल दिए गए थे। 2017 में जब चुनाव हुआ था, तब विजय भाई रूपाणी को सीएम बनाया गया था, लेकिन 2021 में उन्हें हटाकर भूपेंद्र पटेल को जिम्मेदारी दे दी गई।

## देवालयों के ताले तोड़ नकबजनी करने वाली गैंग पकड़ी

बढ़ता राजस्थान

**रेवदर (नि.स.)**। देवालयों के ताले तोडक़र आभूषण चुराने वाली गैंग का पुलिस ने राजफाश किया है। पुलिस ने गैंग के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर तीन बाइक जब्त कर लिए। वहीं, दो नाबालिग भी निरुद्ध किए गए। पुलिस के अनुसार देवालयों में चोरी की लगातार वारदातें होने के बाद टीम को सक्रिय किया गया। तकनीकी आधार पर जांच करते हुए पुलिस ने रेवदर, आबूरोड, पिंडवाड़ा, बेकरीया, कोटड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में सीसी टीवी फुटेज खंगाले। मुखबीर तंत्र को भी अलर्ट किया गया। इसके बाद गैंग का राजफाश किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक मंदिरों में चोरी की वारदातें स्वीकारी है। पुलिस ने रोहिड़ा में क्यारी निवासी सुरेशकुमार पुत्र कालाराम, निचलागढ़ निवासी सायबाराम पुत्र हिन्दुराम, खुमाराम पुत्र हिन्दुराम, करजिया रेवदर निवासी नानाराम पुत्र केसाराम, नाणाराम पुत्र देवाराम, निचलागढ़ कामरा फली निवासी हाना उर्फ धनाराम पुत्र भगाराम को गिरफ्तार कर लिया।

## शॉट सर्किट से पम्प पर खड़ी कार में लगी आग



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)**। मंडार में बुधवार को आग लगने से एक कार स्वाह हो गई। आग लगने के कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कार चालक अपने वाहन में सीएनजी भरवाने जा रहा था। इस दौरान शॉर्ट सर्किट से कार में आग गई। पम्प के पास ही आग लगने से बड़े हादसे का अंदेशा था, लेकिन लोगों ने तत्काल ही आग की लपटों से घिरी कार को धक्का देकर हाईवे तक पहुंचा दिया। साथ ही दोनों ओर रास्ता बंद करवाया। हादसे में कार पूरी तरह जल गई। गनीमत रही कि कार में बैठे लोग पहले ही बाहर उतर चुके थे।

## डीपीएस, उदयपुर के क्रिकेट खिलाड़ियों का वेस्ट जोन क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के क्रिकेट के खिलाड़ियों ने सीबीएसई द्वारा आयोजित अंडर-14 वर्ग हेतु वेस्ट जोन क्रिकेट ट्रायल्स में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार जीत हासिल की है। विद्यालय के क्रिकेट कोच श्री शुभम परिहार ने बताया कि यह क्रिकेट ट्रायल्स तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश व गुजरात के कुल 846 खिलाड़ियों के बीच था। इस कड़े मुकाबले में दिल्ली पब्लिक स्कूल उदयपुर के लक्षवीर अग्रवाल और भावेश सोनी ने रजत पदक प्राप्त कर प्रतियोगिता में सबसे ऊपर अपनी जगह बना ली। उन्होंने बताया कि इस सफलता के साथ ही प्रसन्नता की बात यह है कि इन दोनों खिलाड़ियों का चयन तीन राज्यों के 50 श्रेष्ठ खिलाड़ियों में हुआ है। इन खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ निश्चय के परिणाम स्वरुप ही उन्हें यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। खिलाड़ियों की इस सफलता पर प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, प्राचार्य संजय नरवरिया तथा उपप्राचार्य श्री राजेश धाभाई ने खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों को बधाई और आगे आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दी।

## एएसजी आई हॉस्पिटल ने दिवाली पहल शुरू की: 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पटाखों से संबंधित आंख की चोटों के लिए 10 दिवसीय निःशुल्क परामर्श और सर्जरी होगी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। एएसजी आई हॉस्पिटल ने 15 अक्टॅबर से 24 अक्टूबर तक 10 दिवसीय निःशुल्क सर्जरी एवं परामर्श शिविर मधुबन स्थित हॉस्पीटल में आयोजित किया जा रहा है। एएसजी आई हॉस्पीटल ने दृष्टि स्वास्थ्य में ओनली द बेस्ट के प्रति प्रतिबद्ध एक प्रमुख नेत्र देखभाल संस्थान है। जो दीपावली सीजन के लिए अपनी विशेष पहल की घोषणा की है। दीपावली के दौरान पटाखों से संबंधित दुर्घटनाओं के बढ़ते जोखिम को ध्यान में रखते हुए, अस्पताल 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में आंख की चोटों के लिए निःशुल्क परामर्श और आवश्यक सर्जरी की की जायेगी। यह सेवा 15 से 24 अक्टूबर 2025 तक सभी एएसजी आई हॉस्पिटल केंद्रों पर उपलब्ध होगी। दीपावली के दौरान पटाखों से संबंधित आंख की चोटें एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनी हुई हैं, जो अक्सर गंभीर और अपरिवर्तनीय क्षति का कारण बनती हैं। एएसजी नेत्र चिकित्सा के मेडिकल डायरेक्टर डा. रोहित कुमार योगी ने बताया कि राष्ट्रीय सर्वे डेटा के अनुसार, पटाखों से संबंधित आंख की चोटों के 2,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित किया गया और लगभग 10 प्रतिशत स्थायी दृष्टि हानि का परिणाम हुआ।

### रोड पर बिक रहे बारूद के विरुद्ध उपखंड अधिकारी ने नहीं की कोई कार्रवाई

# प्रदेश में आए दिन आगजनी की घटनाओं के बावजूद उपखंड अधिकारी ने रोड पर लगवा दी पटाखे की दुकाने

बढ़ता राजस्थान



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)**। यहा सडक़ पर खुलेआम बारूद से भरे फटाखे बेचे जा रहे हैं अभी हाल ही में प्रदेश की कई शहरों में आगजनी की घटनाबारू मे कई मासूम लोगों की मौते हो चुकी है। तो वहीं उक्त हादसे में दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल होकर तड़प रहे हैं। प्रदेश भर में अलग-अलग क्षेत्र में आगजनी की हो रही घटनाओं से यहां स्थानीय अधिकारी सबक नहीं ले रहे है। इसलिए की यहां शहर भर के प्रत्येक मुख्य मार्ग एवं गली चौराहे पर बारूद से भरे पटाखे की दुकाने भारत सरकार के बनाए गए नियमों के विरुद्ध लगाई जा रही है। इसकी जानकारी उपखंड अधिकारी को बखूबी प्राप्त है। बावजूद इसके उपखंड अधिकारी यहां सडक़ पर खुलेआम बिक रहे बारूद के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर पा रही है। लोगों का मानना है कि देवली शहर के मुख्य मार्गों पर नियम विरुद्ध संचालित हो रही पटाखे की दुकाने सुविधा शुल्क के फेर पर लगाई गई है। ऐसे में जानकारी के अनुसार सडक़ पर या खुले स्थान पर बारूद से भरे फटाके बेचना अवैध और एक गंभीर अपराध माना जाता है। लेकिन यहां उपखंड अधिकारी रूबी मानो जैसे इस अपराध की खुली छूट दे दी है। जानकारी के अनुसार उपखंड अधिकारी ने इन व्यापारियों को अपने कार्यालय से अस्थाई लाइसेंस जारी करते हुए पटाखा व्यापारियों को सडक़ पर बारूद के फटाके बेचने की इजाजत दे डाली है। शायद इसी के चलते व्यापारी रोड पर विस्फोटक पदार्थ बारूद से भरे पटाखे निडर होकर बेच रहे हैं। लोगों का मानना है कि अधिकारियों की इस मनमानी से लोगों की जान को खतरा बना हुआ है । उल्लेखनीय है कि विस्फोटक सामग्री का उत्पादन, भंडारण, बिक्री और परिवहन बेहद सख्त कानूनों और नियमों द्वारा नियंत्रित होता है,। लेकिन यहां अधिकारियों में मिली भगत से यह खुलेआम रोड पर ही बिक रहा है। जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, सडक़ किनारे या ई-कॉमर्स साइटों पर पटाखों की बिक्री की अनुमति नहीं है। ऐसे में उपखंड अधिकारी को शहर में सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहिए था । लेकिन यहां उपखंड अधिकारी ने सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की बजाएं उक्त लोगों की जान को हल्के में लेते हुए विस्फोटक पदार्थ से होने वाला खतरा पैदा करने जैसी स्थिति बना डाली है। ऐसे में देखने वाली बात तो यह है कि बारूद और पटाखों जैसे विस्फोटक पदार्थ केवल निर्धारित स्थानों रखकर चार दिवारी के सीमा में इनका कारोबार किया जाता है। परंतु यहां प्रशासनिक अधिकारियों की मेहरबानी से उक्त कारोबार की स्थिति विपरीत बनी हुई है । गौरतलब है कि अभी हाल ही में एक सप्ताह पहले उपखंड अधिकारी रूबी अंसार ने मीडिया को बताया कि दीपावली पर पटाखा बिक्री हेतु शहर और आसपास गांव के 50 व्यापारियों को अस्थाई लाइसेंस जारी किए हैं । इस दौरान उपखंड अधिकारी ने मीडिया को बताया था कि जिन व्यापारियों को उक्त लाइसेंस जारी किए हैं उन्हें चेतावनी दी गई है कि ।लाइसेंस धारक व्यापारी चार दिवारी की सीमा में रहते हुए पटाखे की बिक्री करेंगे। साथ ही उक्त दौरान उपखंड अधिकारी ने यह भी बताया था कि जिन व्यापारियों ने पटाखा बिक्री के नियमों का अगर उल्लंघन किया या नियम विरुद्ध पटाखे की बिक्री करते हुए पाए गए तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी । ऐसे में सवाल यह उठता है कि उपखंड अधिकारी रूबी अंसारी एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारी किसी मेहरबानी के तहत सडक़ पर लगी पटाखे की स्टालों के विरुद्ध क्यों कार्रवाई नहीं कर पा रहे है, ?

## त्यौहारों से पहले पावटा में यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव

### अतिक्रमण हटेगा, बस स्टैंड स्थानांतरित-भारी वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)**। दीपावली और आगामी त्यौहारों के मद्देनजर पावटा कस्बे की वर्षों पुरानी यातायात समस्या पर आखिरकार प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अब जाम और अव्यवस्थित ट्रैफिक से जूझ रही जनता को राहत मिलने जा रही है। कस्बे में नया ट्रैफिक रूट प्लान लागू किया गया है। शहर में अब भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई होगी और बस स्टैंड को नए स्थल पर स्थानांतरित किया जाएगा। पूर्व में जाम सम्बन्धित खबर प्रकाशित होने के मात्र 24 घंटे के भीतर ही प्रशासन हरकत में आया और अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण शुरू कर दिया। निरीक्षण दल में उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा, डीएसपी शिप्रा राजावत, नगरपालिका ईओ फत्तेह सिंह मीणा, प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह, आरटीओ रतन और एनएचएआई के अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने मुख्य बाजार, राजमार्ग और प्रमुख चौक-चौराहों का निरीक्षण कर यातायात सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और बुधवार देर रात डीएसपी शिप्रा राजावत और एसएचओ कश्मीर सिंह ने स्वयं पावटा पहुंचकर ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। डीएसपी शिप्रा राजावत ने बताया कि त्यौहारी भीड़ को देखते हुए अब मुख्य बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग की दोनों सर्विस लाइनों पर नो-एंट्री लागू रहेगी। भीड़भाड़ नियंत्रण के लिए सुभाष चौक अंडरपास से दोपहिया वाहनों की आवाजाही पर भी अस्थायी रोक लगाई गई है। उन्होंने बताया की जाम से राहत और बेहतर यातायात प्रवाह के लिए रोडवेज बसों को अब मुख्य बाजार के बजाय नवोदय मोड़ और सब्जी मंडी के सामने रोका जाएगा। यह स्थान अधिक सुरक्षित और यातायात-अनुकूल माना गया है। साथ हि एनएचएआई की मदद से बाजार क्षेत्र में डिवाइडर और गेटर लगाए जा रहे हैं, ताकि वाहन निर्धारित दिशा में ही संचालित हों। प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह ने बताया कि दीपावली पर्व के दौरान शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। भारी वाहनों, अवैध पार्किंग और सडक़ किनारे लगने वाले ठेलों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। शहरवासियों ने प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताया।

## धरी रह गई पुलिस की चौकसी, गुजरात निकल गई शराब



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)**। गुजरात सीमा क्षेत्र को पार करते हुए शराब भरा ट्रक गुजरात पहुंच गया। महज कुछ किमी आगे गुजरात सीमा में पांथावाड़ा थाना पुलिस ने यह माल बरामद कर लिया। सीमा क्षेत्र में ही यह माल पकड़ा न जाता तो अवैध रूप से सप्लाई होते देर नहीं लगती। ट्रक मंडार थाने को क्रॉस करते हुए आसानी से पार हो गया, लेकिन न तो किसी को भनक लगी और न कोई इसे रूकवा पाया। मंडार थाना पुलिस लम्बे समय से इस तरह का कोई बड़ा हाथ नहीं मार पाई है। लिहाजा इसे पुलिस की नाकामी भी मान सकते हैं।

**करीब डेढ़ करोड़ का माल बरामद** : पांथावाड़ा थाना क्षेत्र के कुचावाड़ा टोल नाके के पास पुलिस ने नाकाबंदी कर रखी थी। इस दौरान सफेद पाउडर के कट्टे लेकर आए ट्रक की तलाशी ली गई। इसमें अंग्रेजी शराब के 890 कर्टन बरामद किए गए। जब्त माल की अनुमानित कीमत डेढ़ करोड़ रुपए आंकी गई है। चालक बाड़मेर जिले में सुवाला-शिव निवासी आरिफ पुत्र शबीखान को गिरफ्तार कर लिया गया।

## नकली घी के विरूद्ध बडी कार्यवाही ,पुलिस टीम द्वारा 3795 किलोग्राम नकली घी जप्त किया

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)**। पुलिस थाना गोवर्धनविलास की पुलिस टीम ने डीएसटी टीम की सूचना पर कार्यवाही करते हुए गुरुवार को सेक्टर 14 स्थित ट्रांसपोर्टनगर में एक गोदाम पर कार्यवाही करते हुए कुल 3795 किलोग्राम नकली घी जप्त किया है। पुलिस टीम द्वारा नकली घी की सूचना पर सेक्टर 14 ट्रांसपोर्टनगर गोदाम पर जाकर तलाशी ली गई तो उक्त गोदाम पर अलग-अलग पैकिंग साईज में कुल 3795 किलोग्राम घी भरा हुआ पाया गया। मौके पर फूट सेफ्टी अधिकारी को बुलवाया गया व मौके पर उक्त घी का सेंपल लिया जाकर जांच हेतु भेजा गया है। गोदाम में रखे शेष घी को गोदाम के अंदर ही सुरक्षित रख कर सील किया गया है। उक्त गोदाम के मालिक महेश बत्रा पिता मोहन लाल उम्र 50 साल निवासी सबसिटी सेंट थाना हिरणमगरी जिला उदयपुर से उक्त घी के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा के सुपरविजन में सूर्यवीर सिंह राठौड वृताधिकारी वृत गिर्वा के निर्देशन में गोवर्धनविलास थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला के साथ प्रभारी डीएसटी टीम उदयपुर व थानाधिकारी पुलिस थाना गोवर्धनविलासथाना टीम ने कार्यवाही की।

### बड़ज़ात्या टाइल्स पर विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के रंग रोगन की खरीदारी कर रहे लोग

## दीपावली पर देवली में रंग-रोगन के बाजार में आई रौनक

बढ़ता राजस्थान




**देवली (गोविंद सिंह सेठी)**। दीपावली नजदीक आते ही बाजार में रंग और पेंट की खरीदारी अब जोर पकडऩे लगी है। हालांकि अभी एक सप्ताह पहले रंग रोगन का कारोबार कुछ धीमा चल रहा था,। लेकिन इस काम में दीपावली से पहले अचानक से तेजी आई है। इस बार बाजार में तरह-तरह के पेंट उपलब्ध दिखाई पड़ रहे है। यहां बडज़ात्या टाइल्स पर विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के रंग रोगन की खरीदारी लोगों द्वारा की जा रही है । रंग रोगन का कारोबार इस बार कुछ समय तक सुस्त जरूर रहा लेकिन दीपावली के नजदीक दिनों के रहते उक्त कारोबार में व्यापारी खासे उत्साहित हैं।

### सांसद ने एसपी को तत्काल फोन कर सुखेर थाना अधिकारी को निर्देशित करने को कहा

# सांसद डॉ मन्नालाल रावत की जनसुनवाई में आदिवासी महिला ने की पुलिस की शिकायत, जमीन हडप ली और कार्रवाई नहीं हो रही

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)**। सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने बुधवार को जिला परिषद स्थित सांसद जन सेवा केंद्र में जन सुनवाई की। जनसुनवाई में 55 से ज्यादा प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों को लेकर परिवाद दिया जिनमें कुछ का हाथों हाथ ही निबटारा किया गया। शहर के भुवाणा क्षेत्र के कालीमगरी की एक महिला ने उसके भूखंड पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने तथा सुखेर पुलिस द्वारा इस मामले में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं करने पर सांसद डॉ रावत ने तत्काल एसपी योगेश गोयल से बात की और उन्हें इस मामले में कार्रवाई करने व महिला को न्याय दिलाने के निर्देश दिए।

सांसद डॉ रावत की जनसुनवाई में जिला परिषद से संबंधित 12 मामले आए जबकि यूडीए, नगर निगम, पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा रोडवेज से संबंधित मामले आए। कालीमगरी पंचायत भुवाणा निवासी फूलवंती गमेती ने सांसद के सामने जनसुनवाई में बताया कि उसके पिता ने कालीमगरी में भूखण्ड खसरा नम्बर 4106 मी. किशन सालवी से 1990 में खरीदा था। उसके बाद वहां पर उनका कब्जा था, लेकिन बीच में जब वहां सफाई करने गए तब भूपेंद्र सिंह नामक व्यक्ति ने अपना कब्जा बता दिया। इसको लेकर एसपी को परिवाद दिया जिस पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए, लेकिन आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। फूलवंती ने सांसद को बताया कि वे कई बार सुखेर थाने में जा चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। महिला को भावुक देखकर सांसद ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने उसी वक्त एसपी को फोन कर इस मामले में सुखेर थाना अधिकारी को निर्देशित करने को कहा।

कल्याणपुर कस्बा एवं पुंडा क्षेत्र में नेटवर्क सुविधा को लेकर सांसद को परिवाद दिया गया जिसमें बताया कि कल्याणपुर कस्बे सहित चुंडा क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 28 गांवों में नेटवर्क सुविधा की गंभीर समस्या बनी हुई है। यहां बीएसएनएल एवं जिओ की सेवाएं अत्यंत बाधित रहती हैं। बिजली गुल होने पर दोनों ही नेटवर्क पूर्णतः बंद हो जाते हैं।

## विधायक सुभाष मील ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**सीकर(नि.स.)।** सीकर जिले के खंडेला विधानसभा से विधायक सुभाष मील विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान मील ने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। मील ने गढ़भोपजी से नालोट तक सडक़ निर्माण, रेलवे स्टेशन से तिराहा तक सडक़, मानपुरा से घसीपुरा तक सडक़, कोटडी लुहारवास से तिवाड़ी के बास तक सडक़, जाखड़ पेट्रोल पंप से सलेदीपुरा तक सडक़ और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनिहारवास में शिलान्यास किया। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा विधायक सुभाष मील का माला, साफा पहनाकर स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया। विधायक सुभाष मील ने कार्यक्रमों में संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों में कमी नहीं आने दूंगा। सरकार देश और प्रदेश में सरकार अच्छा कार्य कर रही है। मेरे द्वारा जो वादे किए गए थे सभी पूरे करूंगा। सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। विकास कार्यों में बजट की कभी कमी नहीं आएगी। शिक्षा, चिकित्सा, सडक़ों सहित अन्य विकास कार्यों में कभी कमी नहीं आएगी। ढाणी गांवों को मुख्य सडक़ों से जोडऩे का काम किया है। जनता ने भरपूर आशीर्वाद दिया है।

### भू-माफियाओं पर पनियाला थाना पुलिस की कड़ी कार्यवाही

## न्यायालय के आदेश के बावजूद विवादित भूमि पर डाले गये पत्थरों को किया जप्त, पुलिस के डर से भू माफिया घर से फरार

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई के निर्देशानुसार क्षेत्र में पुलिस भू माफियाओं पर निरन्तर कड़ी कार्यवाही करते हुये शिकंजा कस कर रही हैं। इसी क्रम में निकटवर्ती पनियाला थाना क्षेत्र के ग्राम बखराना में भू माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही का मामला सामने आया हैं। एसएचओ रणवीर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि ग्राम बखराना में उपखण्ड मजिस्ट्रेट कोटपूतली के स्थगन आदेश के बावजूद कुछ भू माफिया जबरन पत्थर डालकर जमीन पर कब्जा कर रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस टीम मय जाप्ता मौके पर पहुंची। जहां विवादित भूमि पर भू माफियाओं द्वारा पत्थर डालकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। जिन्हें पुलिस टीम ने जप्त कर लिया। एसएचओ ने बताया कि भू माफिया अजय कुमार व शीशराम निवासी बखराना पुलिस के डर से फिलहाल फरार हैं। जिन्हें गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस सम्बंध में पनियाला थाना में सम्बंधित धाराओं समेत न्यायालय के आदेश की अवमानना का मामला दर्ज करते हुये पत्थरों को प्रकरण में जप्त कर कब्जा पुलिस किया गया हैं। अभियुक्तगणों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। इस सम्बंध में पुलिस कप्तान के निर्देशानुसार भू माफियाओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

## नौकरी का झांसा दे विवाहिता से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। मुहाना थाना इलाके में एक विवाहिता से नौकरी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस पीड़िता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। मामले की जांच कर रहे एसीपी मानसरोवर आदित्य काकड़े ने बताया कि विवाहिता का आरोप है कि आरोपी युवक से उसकी पुरानी जान पहचान थी। जिसके कारण दोनो की मोबाइल पर आए दिन बातचीत होती रहती थी।सितम्बर -2025 में आरोपी ने उसे नौकरी का झांसा देकर मिलने के लिए मुहाना मोड़ बुलाया और उसे अकेले पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोपी की हरकतों का विरोध किया तो आरोपी ने पति-पत्नि को जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद आरोपी आए दिन उस ब्लैकमेंल करने लग गया। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर विवाहिता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी और उनके साथ थाने पहुंच मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एससी एसटी एक्ट और दुष्कर्म की धारा में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

## प्रेम जाल में फंसा कोचिंग छात्रा से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बजाज नगर थाना इलाके में एक कोचिंग छात्रा से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। मामले की जांच कर रहीं थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया कि 27 युवती टोंक रोड स्थित एक कोचिंग में पढ़ाई कर रहीं है। कोचिंग के दौरान ही युवती की आरोपी से जान पहचान हुई थी। दोनो एक दुसरे से मोबाइल पर बात करने लगे। आरोपी ने युवती को मिलने का झांसा देकर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे शादी का वादा किया और अलग -अलग जगहों पर ले जाकर दुष्कर्म करता रहा। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद पीड़िता को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ और उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

## सेलवाड़ा की खदानों में कर रहे अवैध खनन व ब्लास्टिंग

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** रेवदर तहसील के सेलवाड़ा क्षेत्र में चल रही खदानों में अवैध रूप से खनन करने एवं ब्लास्टिंग का आरोप लगाया गया है। इस सम्बंध में जिला कलक्टर को भेजी शिकायत में तीन खनन पट्टा धारकों पर आरोप लगाया गया है। वहीं, सरकारी भूमि पर खनिज अपशिष्ट डाले जाने का भी आरोप है। ज्ञापन में बताया गया है कि सेलवाड़ा में चल रही माइंसों में अवैध रूप से कार्य किया जा रहा है। निर्धारित क्षेत्र से बाहर जाकर अवैध खनन कर रहे हैं। अवैध ब्लास्टिंग के कारण पर्यावरणीय संतुलन गड़बड़ाने का भी अंदेशा जताया है। माइंस से निकलने वाला अपशिष्ट व मलबा सरकारी भूमि पर डाला जा रहा है, जिससे सरकारी संपति को नुकसान पहुंच रहा है। शिकायतकर्ता ने इस मामले में जांच करते हुए दोषी खनन पट्टा धारकों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि सेलवाड़ा क्षेत्र में मार्बल की खदानें हैं, जिनमें अवैध ब्लास्टिंग व निर्धारित से बाहर क्षेत्र में खनन किए जाने की अक्सर शिकायतें सामने आ रही है। लेकिन, खनिज विभाग मानों मूकदर्शक बना हुआ है। उधर, खनिज अभियंता चंदनकुमार से बातचीत करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

**बैठक तो है पर कार्रवाई क्या रहेगी :** वहीं, बताया जा रहा है कि शुक्रवार को जिला स्तरीय खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति की बैठक प्रस्तावित है। इसमें अवैध खनन, निर्गमन, भंडारण आदि की रोकथाम व निगरानी आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी। वैसे इन मामलों को लेकर विभागीय स्तर पर कितनी ठोस कार्रवाई हो पाती है यह कहना मुश्किल है।

### नवीन कानून और एआई- पुलिस प्रदर्शनी में ज्ञान मंथन जारी

# जेईसीसी प्रदर्शनी में तकनीकी सत्रों की धूम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** नवीन आपराधिक कानून के अमल में आने के बाद पुलिस की तैयारी भी बदल रही है। नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और लोक जागरूकता के लिए आयोजित की जा रही पुलिस प्रदर्शनी के अंतर्गत पुलिस अधिकारियों और विभिन्न कानूनी हितधारकों के लिए ज्ञानवर्धक सत्रों की एक श्रृंखला चल रही है। इन विशेष सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर फॉरेंसिक साक्ष्य, कानून प्रवर्तन की आधुनिक चुनौतियों पर देश के शीर्ष विशेषज्ञों द्वारा गहन चर्चा की जा रही है। जिसका उद्देश्य पुलिस बल को नए कानूनी और तकनीकी युग के लिए पूरी तरह से तैयार करना है। इन तकनीकी सत्रों की मॉनिटरिंग खुद एडीजी और आरपीए डायरेक्ट श्री एस सेंगाथिर कर रहे हैं।

**पुलिसिंग में एआई की चुनौतियों पर हुआ मंथन :** तकनीकी सत्रों की शुरुआत नवीन तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर आयोजित सत्र से हुई। इंडिपेंडेंट रिसर्चर क्षितिज वर्मा ने ् रद्ब की वर्तमान स्थिति और पुलिसिंग में इसके अनुप्रयोगों पर जानकारी दी। सत्र में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी वी. के. सिंह ने पुलिस कार्यप्रणाली में ् रद्ब के उपयोग तथा नवीन कानूनों के आलोक में आने वाली चुनौतियों का सामना करने पर अपने विचार रखे। इस महत्वपूर्ण इंटरैक्शन में निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी एस. सेंगथिर, आईजी एससीआरबी अजय पाल लाम्बा, निदेशक इंटेलिजेंस प्रशिक्षण अकादमी प्रदीप मोहन शर्मा और उपमहानिरीक्षक पुलिस एसओजी परिस देशमुख सहित लगभग 160 पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

अगली कड़ी में नवीन आपराधिक कानून तथा एफएसएल की भूमिका पर एक पैनल डिस्कशन आयोजित किया गया। इस सत्र में आरपीएस प्रशिक्षु अधिकारियों तथा नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पैनल में डायरेक्टर एफएसएल जयपुर अजय शर्मा, सेवानिवृत्त डायरेक्टर एफएसएल एस. एस. डागा और कैंपस डायरेक्टर एनएफएसयू राखी अग्रवाल शामिल थे। विशेषज्ञों ने एफएसएल की बदलती भूमिका पर प्रकाश डाला और 120 प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके साथ गहन संवाद किया।

### जेल सुधार और कानूनी प्रावधानों पर चर्चा

बीकानेर रेंज के पुलिस अधिकारियों तथा जेल विभाग के अधिकारियों का एक विशेष पैनल डिस्कशन आयोजित हुआ। इसमें महानिरीक्षक जेल जयपुर विक्रम सिंह ने नवीन कानूनों तथा जेल सुधारों के लिए अपनाए जा रहे नवाचारों के संबंध में जानकारी दी। इस सत्र में 190 अधिकारियों ने भाग लिया।

### नवीन कानूनों के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों पर हुई गहन चर्चा

गुरुवार को उदयपुर रेंज के पुलिस अधिकारियों का सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में नवीन कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, तकनीकी और फॉरेंसिक साक्ष्य विषय पर चर्चा हुई। सहायक निदेशक अभियोजन रमेश चौधरी और पुलिस निरीक्षक धीरज वर्मा ने विधिक प्रावधानों पर चर्चा की। इस सत्र में कांस्टेबल से लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर तक के 180 अधिकारियों ने भाग लिया, जहाँ उन्होंने नवीन कानूनों के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रमों की यह श्रृंखला पुलिस अधिकारियों को नवीन कानूनों और आधुनिक तकनीक के साथ तालमेल बिठाने में सहायता प्रदान कर रही है।

### स्वच्छता, गौ-संरक्षण और स्वदेशी भावना का संदेश देता यह अनूठा अभियान

## सीके बिरला हॉस्पिटल, प्रवासी संघ राजस्थान और नृत्यम फाउंडेशन की सराहनीय पहल

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। आज के आधुनिक युग में जब प्लास्टिक और प्रदूषण हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं, ऐसे में समाज को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरित करने वाली पहले अत्यंत आवश्यक हो जाती हैं। इसी भावना को साकार करने के उद्देश्य से सीके बिरला हॉस्पिटल जयपुर, प्रवासी संघ राजस्थान टीम जयपुर और नृत्यम फाउंडेशन ने मिलकर एक विशेष अभियान स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ आयोजित किया। इस अभियान के तहत गौमाता के गोबर से निर्मित दीपक तथा प्लास्टिक की जगह कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम मुख्यतः मुख्य सोडाला स्थित पुराने तेजाजी मंदिर, कमलावती ट्रस्ट एवं अशोका एन्क्लेव स्वेज फार्म सोडाला में आयोजित हुआ। इन स्थानों पर स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग का महत्व बताया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीके बिरला हॉस्पिटल रिटेल हेड शांतनु सिंह, प्रवासी संघ राजस्थान के प्रदेश संयोजक भीम सिंह कासनिया, नृत्यम संस्थान की निदेशक एवं समाज सेविका काजल सैनी, भाजपा नेत्री सुनीता सैनी, प्रदेश सलाहकार अजय सिंह शेखावत, प्रदेश प्रवक्ता संजय योगी, युवा प्रदेश अध्यक्ष विहान साकुनिया, विष्णु खंडेलवाल, रश्मि भगवाननानी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रवासी संघ जयपुर, रवि भगवान, शर्मा ज्वैलरी सोडाला एवं कोठारी चैरिटेबल ट्रस्ट के भीमराज कमलावती सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की विशेष सहभागिता रही। सभी ने एक स्वर में कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि समाज को गौ-संरक्षण और स्वदेशी उत्पादों के महत्व से भी जोड़ती हैं। गौमाता के गोबर से बने दीपकों का उपयोग न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि यह भारतीय परंपरा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करता है। प्रवासी संघ राजस्थान के प्रदेश संयोजक भीम सिंह कासनिया इस प्रयास को जनजागरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए इसे नियमित रूप से जारी रखने का सुझाव दिया। यह अभियान वास्तव में एक ऐसा संदेश दे गया कि यदि हर व्यक्ति अपने स्तर पर प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण का संकल्प ले, तो स्वच्छ और हरित भारत का सपना साकार हो सकता है। नृत्यम संस्थान की निदेशक एवं समाज सेविका काजल सैनी ने कहा कि इस अभियान ने स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग, गौ-संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश समाज तक पहुँचाया है। उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

## डॉ. अब्दुल कलाम जयंती पर वीर डिफेंस एकेडमी रानोली में वीर रन मैराथन का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रानोली (नि.स.)।** पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर वीर डिफेंस एकेडमी त्रिलोकपुरा रानोली की ओर से 5 किलोमीटर लंबी वीर रन मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रानोली थाना एएसआई रामसिंह, कैप्टन कालूराम, सुबेदार भवानी, हवलदार गणेश, छगन एवं डॉ. रिछपाल रहे। मैराथन में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुरुष वर्ग में मोहन पुत्र राजेश (हरियाणा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हेमंत पुत्र राजसिंह द्वितीय और राजेश शर्मा पुत्र भीमराम तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में ज्योति कंवर, मनिषा और पूजा ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। संस्था प्रधान नागर बेनीवाल, नरेंद्र धायल व राकेश मील ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, फिटनेस और सरकारी सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर संस्थान की पूरी प्रबंधन टीम के सदस्य हवलदार शंकर बेनीवाल, प्रहलाद गुर्जर, बलराम यादव, दयानंद यादव, अशोक यादव, महेंद्र, हेमराज, शिवराज एवं अभिषेक सामोता सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## जिला कारागृह में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं एक्शन प्लान की अनुपालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटपूतली-बहरोड़ की अध्यक्ष शिवानी सिंह एवं सचिव डिम्पल जन्डेल ने गुरुवार को जिला कारागृह कोटपूतली-बहरोड़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष एवं सचिव ने जेल में संधारित विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया तथा साफ-सफाई, भोजन, चिकित्सा व्यवस्था और जेल विधिक सहायता क्लिनिक की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जेल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश प्रदान किए। इसी क्रम में पैरा लीगल वॉलेंटियर (अधिकार मित्र) संजय कुमार जोशी द्वारा जेल परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों को विधिक सहायता योजनाओं और बंदियों के अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## रोटरी क्लब रींगस ने आयोजित किया 112वां निशुल्क चिकित्सा शिविर

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** रोटरी क्लब रींगस द्वारा कस्बे की श्री रामानंद पाठशाला में गुरुवार को प्रातः नौ बजे से दोपहर एक बजे तक 112वां निशुल्क चिकित्सा शिविर व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ रोटेरियन डॉ अजय सक्सेना,सहप्रांतपाल डॉ भंवर सिंह ताखर, रोटेरियन अर्जुन सिंह लांबा, डॉ विनोद कुमार गुप्ता,रघुनाथ जाट, सुभाष बिजारणिया द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर संयोजक झाबरमल निठारवाल ने बताया कि रोटरी क्लब रींगस द्वारा इस निःशुल्क चिकित्सा व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को किया जाता है।शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की टीम द्वारा 68 नेत्र रोगियों की जांच कर 38 रोगियों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया। नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित मरीजों को जयपुर ले जाकर लैंस प्रत्यारोपण किया जाएगा।

## अनाथ बच्चों के साथ दीपावली उत्सव कार्यक्रम मनाया

बढ़ता राजस्थान



**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत)।** उदयपुरिया मोड़ स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट द्वारा विश्विद्यालय के स्टाफ/ शिक्षकों व बाल संबल आश्रम, ग्राम-सिरोही, चंदवाजी के पास, जयपुर के अनाथ बच्चों के साथ दीपावली उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। सर्वप्रथम विश्विद्यालय परिवार के सदस्य गणों ने बाल संबल आश्रम, (अनाथालय) स्थित ग्राम-सिरोही, चंदवाजी के पास, जयपुर पहुंचकर वहा रह रहे अनाथ बच्चो के साथ दीपावली उत्सव कार्यक्रम मनाया। विश्विद्यालय के वाईस चांसलर प्रो0 डॉ0 बिस्वेजॉय चटर्जी , रजिस्ट्रार प्रो0 डॉ0 प्रदीप कुमार शर्मा, डीन प्रो डॉ प्रीति शर्मा, प्रो डॉ जी उमा देवी के हाथों अनाथ बच्चों को दीपावली पर्व पर मिठाई , कपडे, पटाखे उपहार देकर व यू ई एम परिवार के सदस्यों के साथ खाना खिलाकर मनाया गया। उपहार पाकर सभी बच्चें ख़ुशी से उत्साहित और आनंदित नजर आये। प्रो0 चटर्जी ने बताया कि यूनिवर्सिटी परिवार हमेशा गरीब और असहाय बच्चों के लिए सहारा बनकर खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेगा, साथ ही हमारा उद्देश्य अनाथालय में रह रहे वे सब अनाथ बच्चे अपने विश्विद्यालय परिवार को अपना परिवार मानकर तथा हमारे बीच रहकर, खुशियां बाँट सके और दीपों के पर्व दीपावली को हर्ष, उल्लास और आनंद के साथ मना सके, उनकी ख़ुशी में ही हमारी खुशी होगी और ये ही हमारे लिए दीपावली का सबसे बड़ा उपहार है। यूनिवर्सिटी परियोजना -उपनिदेशक संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया की अनाथ बच्चो को उपहार देने के पश्चात यूनिवर्सिटी कैंपस में यू ई एम परिवार के सभी सदस्यों के साथ विधि विधान से दीपावली की पूजा अर्चना की गयी और मिठाई वितरित कर दीपावली के पावन पर्व की एक दूसरे को बधाई दी गयी।

**राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, किसान भवन लालकोठी वृत्त-जयपुर

क्रमांक :- राजकाज रेफरेंस 18378098 | दिनांक :- 16/10/2025

**बिड आमंत्रण सूचना संख्या 02/2025-26**

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड दौसा, सीकर, जयपुर टी.एम एवं जयपुर प्रथम के विभिन्न निर्माण एवं मरम्मत कार्यो हेतु ऑन–लाईन बिड ई–प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं **www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb** पर भी देखा जा सकता है। जिसका UBN No AGM2526WSOB00644 से UBN No AGM2526WSOB00659 है।

राज.संवाद/सी/25/12348 | अधीक्षण अभियंता, वृत्त-जयपुर

**Government of Rajasthan**
**Office of The Superintending Engineer Water Resources Circle, Ajmer**

No. 3675 | Date : 07-10-2025

**E-NIT No. 07 /2028-26**

01 Bid are invited from interested bidders Upto 06:00 pm dated 29.10.2025 and financial bid will be opened on dated 30.10.2025 at 3:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http: //eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is Rs. 239.95 lac.
NIB No. : WRD2526A0447
UBN No. : WRD2526SOBO1174

**Superintending Engineer**
**Water Resources Circle, Ajmer**
DIPR/C/15250/2025

# सम्पादकीय

## भारत एआई का गढ़

भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का गढ़ बनने जा रहा है। यही आकलन करने के बाद गूगल ने आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में एआई का डाटा सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है। यह डाटा केंद्र, अमरीका से बाहर, सबसे बड़ा केंद्र होगा। गूगल ने आगामी पांच सालों में 15 अरब डॉलर खर्च करने का ऐलान राजधानी दिल्ली में आयोजित एक मेगा इवेंट में किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू आदि इस मेगा आयोजन में उपस्थित रहे। गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कूरियन ने खुलासा किया कि आज 14,000 से अधिक भारतीय गूगल के साथ जुड़े हैं और गूगल की 5 एआई लैब्स पहले से ही भारत में सक्रिय हैं। विशाखापट्टनम का केंद्र गूगल के संपूर्ण एआई सिस्टम का हिस्सा होगा, जो भारत में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, डाटा सॉल्यूशंस और एआई मॉडल्स को तेजी से स्केल करेगा। गूगल के थॉमस ने यह स्पष्ट घोषणा की कि भारत अब सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि एआई नवाचार का जेनरेटर बन रहा है।' भारत में अदाणी समूह के साथ मिल कर यह एआई केंद्र बनाया जाएगा। गूगल का इतना बड़ा निर्णय भारतीय बाजार और भारत में एआई को ग्रहण करने की संभावनाओं की ताकत को सत्यापित करता है। भारत सरकार ने एआई मिशन के लिए 5 साल के दौरान 10,300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित की है। उसके तहत 38,000 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) लगाई गई हैं। प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में करीब 60 लाख लोग कार्यरत हैं। इस साल प्रौद्योगिकी क्षेत्र का राजस्व 280 अरब डॉलर को पार कर सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था में 2035 तक एआई 1.7 ट्रिलियन डॉलर जोड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय डाटा कॉरपोरेशन के मुताबिक, भारत का एआई बाजार 2025 में करीब 8 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। दरअसल भारत विश्व में सबसे बड़ा ऐसा देश और समाज है, जो अभी से एआई के साथ परिवर्तन लाने को उत्साहित है। विशाखापट्टनम को इसलिए चुना गया है, क्योंकि आंध्रप्रदेश की राजधानी रहते हुए हैदराबाद को 'साइबर सिटी' का विशेषण मिला था। तेलंगाना के गठन के बाद समीकरण बदले। अब हैदराबाद उसकी राजधानी है, लिहाजा आंध्र के विशाखापट्टनम को गूगल की विराट परियोजना के लिए चुना गया। यहां गूगल के विकास और बढ़ोतरी की अपार क्षमताएं हैं, क्योंकि रणनीतिक तौर पर यह क्षेत्र एआई की रीढ़ है।

सवाल है कि क्या भारत का विकास और उसकी बढ़ोतरी भी गूगल के अनुपात में ही होगी? इस मौके पर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने 'एक्स' पर यह लिखा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बात की थी और विशाखापट्टनम में पहले गूगल एआई हब स्थापित करने की योजना बताई थी। पिचाई के मुताबिक, इस एआई केंद्र में गीगावॉट स्केल कंप्यूट क्षमता, अंतरराष्ट्रीय सबसी गेटवे और बड़े ऊर्जा आधारभूत ढांचे का गेटवे शामिल होंगे। इससे भारत में उपयोगकर्ता और उद्यमियों को उद्योग संबंधी प्रौद्योगिकी मिल सकेगी, जिससे देश में एआई नवाचार बढ़ेगा। बेशक ऐसे बुनियादी ढांचे के साथ भारत अपनी डाटा संप्रभुता में सुधार कर सकता है, एआई का सशक्त गढ़ बन सकता है, लेकिन यह सवाल मौजू है कि एआई कैसे तैनात की जाएगी? एआई कंपनियां भविष्य में 'द्वारपाल' की शक्तियों के साथ मानविकी पर भारी पड़ेंगी। क्या भारत में ऐसा होना चाहिए कि मानविकी बिल्कुल पिछड़ जाए, जिसमें कला-साहित्य, भाषा, अर्थशास्त्र आदि क्षेत्र शामिल हैं। गूगल ने सत्यापित किया है कि कैसे प्रौद्योगिकी के नवाचार आधुनिक संपन्नता के इंजन साबित हो सकते हैं, लेकिन यह भी बताया कि कैसे ऐसी आर्थिक बढ़ोतरी न तो प्राकृतिक है और न ही गारंटीशुदा है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 17 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1870 - कलकत्ता बंदरगाह को एक संवैधानिक निकाय प्रबंधन के तहत लाया गया।
- 1888 - वैज्ञानिक थामस अल्वा एडिसन ने ऑप्टिकल फोनोग्राफ के पेटेंट के लिए आवेदन किया।
- 1912 - बुल्गारिया, यूनान और सर्बिया ने ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।
- 1917 - प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटेन ने पहली बार जर्मनी पर हवाई हमले किये।
- 1933 - प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन नाजी जर्मनी से अमेरिका चले गये।
- 1941 - द्वितीय विश्व युद्ध में पहली बार जर्मनी की पनडुब्बी ने एक अमेरिकी पोत पर हमला किया।
- 1979 - मदर टेरेसा को शांति के लिये नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 2000 - पश्चिम एशिया शांति वार्ता सम्पन्न, दोनों पक्ष बिल क्लिंटन के तीन सूत्रों पर सहमत।
- 2003 - चीन ने अंतरिक्ष में एशिया के पहले और रूस के बाद तीसरे देश के रूप में अंतरिक्ष में मानव भेजने में सफलता प्राप्त की। ब्रिटिश लेखक डीबीसी पियरे के पहले उपन्यास 'वेरनारन गॉड लिटिल' को प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार देने की घोषणा की गई। पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद का एक नेता गिरफ़्तार। पाकिस्तानी राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ की हत्या की साजिश रचने वाले तीन आरोपियों को 10 वर्ष की जेल की सज़ा सुनाई गई।
- 2004 - न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री क्लार्क भारत पहुँची। गुआंतानामो बे बंदीगृह में अमेरिकी सैनिकों द्वारा बंदियों को अमानवीय यातनाएँ दिये जाने का रहस्योद्घाटन।
- 2007 - आयरिश लेखिका एनी एनराइट को उनके उपन्यास 'द गेदरिंग' के लिए बुकर पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 2008- एकाधिकार व प्रतिबंधित व्यापार आयोग ने निजी एअर लांइस, किंगफिशर और जेट एयरवेज के गठबंधन की जाँच के आदेश किए।
- 2009- हिंद महासागर में स्थित मालदीव ने पानी के अंदर दुनिया की पहली कैबिनेट बैठक कर सभी राष्टों को ग्लोबल वार्मिंग के ख़तरे से आगाह करने की कोशिश की।

## विशेष आलेख

# अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस- गरीबी है मानवता के भाल पर बड़ा कलंक



ललित गर्ग



विश्व समुदाय हर वर्ष 17 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाता है। यह दिन केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि मानवता के समक्ष खड़ी सबसे बड़ी चुनौती पर मंथन का अवसर है। सभ्यता के विकास, तकनीकी प्रगति, आर्थिक विस्तार और वैश्विक व्यापार के बावजूद आज भी करोड़ों लोग रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित हैं। गरीबी एक आर्थिक स्थिति मात्र नहीं है, यह मनुष्य की गरिमा पर सबसे बड़ा आघात है- यह उसके सपनों, आत्मविश्वास और अस्तित्व को कुचलने वाला सामाजिक अभिशाप है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1992 में गरीबी को खत्म करने के प्रयासों और संवाद को बढ़ावा देने के लिए इस दिन की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य गरीबी में जी रहे लोगों के संघर्ष को स्वीकार करना और गरीबी के विभिन्न आयामों, जैसे कि आय की कमी, स्वास्थ्य और शिक्षा तक पहुँच की कमी आदि को संबोधित करना है। 2025 की थीम 'परिवारों के लिए सम्मान और प्रभावी समर्थन सुनिश्चित करके सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना' है। इस दिवस का उद्देश्य गरीबी और इसके कारणों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, तथा गरीबी से जूझ रहे लोगों की समस्याओं को उजागर करना है।

आज दुनिया में लगभग सत्तर करोड़ लोग अत्यंत गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र का लक्ष्य है कि 2030 तक अत्यंत गरीबी का अंत किया जाए, परंतु यह लक्ष्य अभी भी दूर प्रतीत होता है। युद्ध, जलवायु परिवर्तन, असमान आर्थिक नीतियाँ, जनसंख्या वृद्धि और बेरोजग़ारी ने गरीबी को नया रूप दिया है। अब गरीबी केवल रोटी की कमी नहीं, बल्कि अवसरों की असमानता और सामाजिक अन्याय का भी प्रतीक बन चुकी है। अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन कहते हैं गरीबी केवल आय का प्रश्न नहीं है, यह स्वतंत्रता की कमी है। अर्थात जब किसी व्यक्ति के पास अपने जीवन को अपनी इच्छा के अनुसार ढालने के अवसर नहीं होते, तभी वास्तविक गरीबी जन्म लेती है। भारत ने पिछले कुछ दशकों में गरीबी घटाने के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। नीति आयोग के अनुसार, 2013-14 में जहाँ देश की 29 प्रतिशत आबादी बहुआयामी गरीबी में थी, वहीं 2019-21 तक यह घटकर लगभग 11 प्रतिशत रह गई। परंतु यह सफलता पूर्ण नहीं कही जा सकती, क्योंकि गरीबी का असर ग्रामीण इलाकों, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर अभी भी अधिक है। गरीबी का सबसे बड़ा प्रभाव शिक्षा और स्वास्थ्य पर पड़ता है- जहाँ गरीब बच्चे स्कूल छोडऩे पर मजबूर होते हैं, वहीं परिवार बीमारी का खर्च नहीं उठा पाते। यह चक्र दर चक्र उन्हें फिर गरीबी में धकेल देता है।

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी उन्मूलन के लिये उल्लेखनीय एवं सफलतम उपक्रम किये हैं, उन्होंने गरीबी को राष्ट्र निर्माण की केंद्र बिंदु नीति के रूप में प्रस्तुत किया। उनके नेतृत्व में सरकार ने गरीबी के खिलाफ लड़ाई को केवल कल्याण योजनाओं तक सीमित न रखकर आत्मनिर्भरता के आंदोलन में बदल दिया। जनधन-आधार-मोबाइल ट्रिनिटी ने गरीबों को औपचारिक बैंकिंग से जोड़ा, जिससे पारदर्शिता बढ़ी और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से करोड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों के सिर पर छत का सपना साकार किया और अब तक चार करोड़ से अधिक घरों का निर्माण हुआ है। उज्ज्वला योजना ने गरीब महिलाओं को धुएं से मुक्त जीवन दिया और यह योजना केवल गैस सिलेंडर नहीं, बल्कि समानता और सम्मान का प्रतीक बनी। आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने महामारी के कठिन दौर में गरीबों को सुरक्षा कवच दिया, वहीं आत्मनिर्भर भारत अभियान ने गरीबी उन्मूलन का दीर्घकालिक रास्ता रोजग़ार, कौशल और स्वाभिमान के माध्यम से खोला। प्रधानमंत्री का यह कथन इस दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है-गरीबी को खत्म करने के लिए सरकार नहीं, समाज को भी संवेदनशील बनना होगा। जब हर गरीब का सपना हमारा सपना बनेगा, तभी समृद्ध भारत बनेगा। गरीबी केवल सरकारी योजनाओं से नहीं मिटेगी; इसके लिए एक व्यापक मानव-केंद्रित सोच की आवश्यकता है। शिक्षा को अधिकार नहीं, अवसर बनाना होगा, हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण मिलना चाहिए। समान आर्थिक अवसरों की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि शहरी और ग्रामीण भारत के बीच की खाई घटे। पूंजी का उद्देश्य केवल मुनाफा नहीं, बल्कि सामाजिक कल्याण भी होना चाहिए।

# दीपों की जगमगाहट और इंसानियत का प्रकाश

*दीवाली के अगले दिन, जब मैं लोगों को दीवाली की बधाई देने के लिए जाती हूँ, तो देखती हूँ कि कुछ बच्चे सडक़ पर पड़े फटाकों में से इस उम्मीद के साथ फटाखे बीनते हैं कि कोई फटाखा अभी तक नहीं जला होगा*



अमीता शर्मा

दीवाली या दीपावली कुछ भी कह लो, क्या ही फर्क़ पड़ता है? फर्क़ तो बस इस बात का पड़ता है कि हमारे घर में दीप जलाने वालों की 'दीवाली' कैसी होती होगी!

वो कुम्हार, जो गीली मिट्टी को आकार देकर दिया बनाता है; वो व्यक्ति, जो कपास से रुई निकालकर उन दियों के लिए बाती तैयार करता है वही तो असली उजाला रचता है।वो घानी से तेल निकालने वाला, जिसका तेल हमारे दिये की बाती में जलकर उजाला करता है और हमारी दीवाली के उत्सव को सार्थक बनाता है। सोचो, बिना दीपों की झिलमिलाहट के दीपों का उत्सव कितना अधूरा लगेगा! लेकिन दीवाली की सजावट के लिए छोटे-छोटे दुकानदारों से सामान खरीदते समय हम कितना मोलभाव करते हैं, कितनी खामियाँ निकालते हैं। लेकिन क्या जब हम मॉल के ब्रांडेड शोरूम से कुछ लेते हैं, तो ऊँचे-ऊँचे दाम देकर चीज़ें खरीदने को 'स्टेटस सिंबल' से नहीं जोड़ते? बहुत आसान है किसी मज़बूर या लाचार पर उंगली उठाना, मुश्किल तो तब होती है जब किसी की उंगली पकडक़र उसे ऊपर उठाना पड़े। पैसे की तंगी तो इस वर्ष और भी बढ़ गई है, क्योंकि मानसून के लगातार बने रहने से कई कुटीर उद्योग जैसे पटाखे बनाने वाले, मिट्टी के सजावटी सामान तैयार करने वाले या घरों में पुताई करने वाले प्रभावित हुए हैं। इनकी लगभग पूरे वर्ष की आजीविका दीवाली पर होने वाली बिक्री और उसके मुनाफ़े पर निर्भर करती है। जब मैं उनसे व्यक्तिगत रूप से जाकर मिली, तो भरे हुए गले से उन्होंने कहा कार्तिक अमावस्या की यह काली रात तो दीपों की जगमगाहट से मिट जाएगी, लेकिन हमें अपने पेट की लौ जलाने के लिए अब कुछ नए सिरे से सोचना पड़ेगा, क्योंकि इस साल तो हमारा सब कुछ मानसून की वजह से बिगड़ गया। हमारे देश में बहुत सारे ऐसे लोग हैं, जो लगभग एक से दो महीने तक लगातार काम करते हैं। हमारी दीवाली के पर्व के लिए सामान बनाने के बावजूद, उनकी दीवाली आम दिनों की तरह ही गुजरती है। यदि हर सक्षम परिवार किसी भी जरूरतमंद इंसान के घर में दीवाली का त्यौहार मनाने के लिए मदद को आगे आए, तो क्या आपको नहीं लगता कि इस साल दीवाली की जगमगाहट हजारों गुना बढ़ जाएगी?

दीवाली के अगले दिन, जब मैं लोगों को दीवाली की बधाई देने के लिए जाती हूँ, तो देखती हूँ कि कुछ बच्चे सडक़ पर पड़े फटाकों में से इस उम्मीद के साथ फटाखे बीनते हैं कि कोई फटाखा अभी तक नहीं जला होगा तो वो भी दीवाली पर फटाखे का आनंद ले पाएंगे। उनके चेहरे पर जमीन से उठाए हुए फटाखे के जले न होने या जले होने के हिसाब से खुशी और दुःख के भाव आते-जाते साफ़ झलकते हैं। हलांकि मैं इसमें जितना योगदान करने की कोशिश करती हूँ, वो राई से भी छोटा है, लेकिन फिर भी यह प्रयास मेरे लिए महत्वपूर्ण है। कई बार कुछ अच्छा सीखने के लिए जरूरी नहीं कि सामने कोई अनुभवी या उम्र में बड़े लोग ही हों। कल मैं मॉडर्न स्कूल गई थी, जहाँ मेरा स्कूल के साथ पिछले 13 सालों से जुड़ाव है।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



**रवि शर्मा (युवा उधोगपति)**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के सुपर डुपर स्टार हैं,युवा उधोगपति रवि शर्मा जोकि स्वयं में संघर्ष की जीती जागती किताब हैं। ऐसे बहुत से लोग होगें जिन्होनें इनकी नैया को डुबाने का काम किया लेकिन जिसका खेवनहार ईश्वर हो वो भला क्या डूब सकता है। आज एक युवा उघोगपति के रूप में रवि शर्मा को एक पहचान मिली है। 25 मई सन 1977 अलवर के राजगढ़ में जन्में रवि शर्मा का जीवन शुरू से ही संघर्ष के दौर से गुजरा। कुछ बनकर दिखाने के जुनून ने उन्हे नईं उँचाईयों तक पहुँचाया इस बात में कहीं कोई शक नहीं। अलवर से बीएससी पास आउट होने के बाद एमबीए कर बिड़ला दिल्ली में जॉब की उसके बाद राजस्थान में बैंक ऑफ पंजाब में बड़ी पोस्ट पर रहे। इसके बाद राजस्थान में टीवीएस कम्पनी जॉईन की और मकसद तो इस बेहरम जमाने में खुद को साबित करने था इसलिए 2009 स्वयं के व्यवसाय की शुरुआत हुई। ऑनलाइन मार्ट ,ऑनलाइन फ ाइनेंस कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का बिजनेस शुरू किया और आज अलवर के सिग्रेचर राज विलास जैसे बड़े प्रोजेक्ट के निदेशक हैं। इस युवा को मैं काफी करीब से जानता हूं मित्रों ये हालात चाहे कैसे भी आए हों ये शख्स कभी टूटे नहीं नहीं और ना ही खुद को कमजोर होने दिया। एक कैंसर पीडि़त महिला के उपचार के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी गरीबी व लाचारी में इस भयावह बिमारी का पता चलते ही इन्होंने उस महिला की मदद की और आज वो महिला जिंदा है। उसकी दुआओं के असर ने आज इन्हें यहां तक लाकर खड़ा किया है। बहुत आध्यात्मिक विचारधारा के युवा हैं,जोश और जज्बे से भरा इनका शानदार व्यक्तित्व के साथ यारों के यार हैं रवि शर्मा टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। **-रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# नवजात शिशु में ये लक्षण हैं डाउन सिंड्रोम का संकेत

डाउन सिंड्रोम एक आनुवंशिक स्थिति है, जो बच्चे के विकास और शारीरिक बनावट दोनों को प्रभावित करती है। इसके पीछे का मुख्य कारण क्रोमोसोम में गड़बड़ी है। सामान्य बच्चों की तुलना में, डाउन सिंड्रोम से पीडि़त बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास की गति धीमी रहती है। इसके अलावा, डाउन सिंड्रोम से पीडि़त बच्चों में हार्ट से जुड़ी समस्याएं होने का खतरा भी रहता है। डाउन सिंड्रोम वाले बच्चों में जन्म के समय कुछ खास शारीरिक लक्षण दिखाई देते हैं। लेकिन कई बार माता-पिता इन संकेतों को सामान्य समझ लेते हैं। हालांकि, जल्दी पहचान और जांच से इलाज और देखभाल में काफी मदद मिलती है।

### डाउन सिंड्रोम क्या है?

आमतौर पर एक नॉर्मल बच्चे में क्रोमोसोम की संख्या 46 होती है, जिसमें से 23 मां के और 23 पिता के क्रोमोसोम के सेट होते हैं। डाउन सिंड्रोम से पीडि़त बच्चे के पास क्रोमोसोम 21 की एक अतिरिक्त कॉपी होती है। यानी डाउन सिंड्रोम से प्रभावित बच्चों में की संख्या 47 होती है। डाउन सिंड्रोम के कारण चिकित्सकों का कहना है कि यह स्थिति किसी गलती या माता-पिता के किसी कार्य के कारण नहीं होती, बल्कि यह एक स्वाभाविक जैविक घटना है। हालांकि, गर्भधारण के समय मां की उम्र अधिक होने पर डाउन सिंड्रोम का जोखिम बढ़ जाता है। विशेष रूप से 35 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाओं में इसकी संभावना अधिक देखी गई है। जन्म के समय दिखने वाले लक्षण डाउन सिंड्रोम वाले बच्चों में कुछ खास शारीरिक लक्षण दिखाई देते हैं, जैसे-

### चेहरा थोड़ा सपाट या चपटा दिखना

आंखों का ऊपर की ओर झुकाव गर्दन का छोटा होना हथेली पर एक सीधी रेखा (सिंगल पामर क्रीज)

शरीर की मांसपेशियों में ढीलापन जन्म के समय वजन सामान्य से कम होना सांस लेने में दिक्कत।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने कामों पर ध्यान देकर आगे बढऩा होगा। आपको तरक्की करते देख आपके कुछ मित्र आपके शत्रु बन सकते हैं।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने से खुशी होगी। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कारोबार में आपके कुछ नए साथी बनेंगे।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए इनकम के नए-नए रास्ते खलेगा। जीवनसाथी की सेहत में गिरावट आने से आपको भागदौड़ अधिक रहेगी। आपके खर्च भी बेतहाशा बढ़ सकते हैं। आप अपने घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। किसी कानूनी मामले में आपको पूरा ध्यान देना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी। माताजी से आपके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकती हैं।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। दान धर्म के कार्यों में काफी रुचि रहेगी। आपकी यश व कीर्ति बढ़ेगी और आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए वाणी में व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आप कामों को लेकर जल्दबाजी बिल्कुल ना दिखाएं। शिक्षा में आज आप अच्छा नाम काम आएंगे । भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आ सकता है। ऑफिस में आपके सहयोगी आपके कामो करने में पूरा सहयोग देंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कार्य क्षेत्र में अपने अनुभवों का लाभ मिलेगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को ऊंचाइयों तक लेकर जाने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिसके लिए आप कुछ नई योजनाएं भी बनाएंगे। आपको अपने किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिलेगा।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप अपने व्यापार के रुके हुए कामों को पूरा करने में लगे रहेंगे। परिवार में बच्चों के साथ आप कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। किसी की मदद के लिए आप कुछ रुपये का इंतजाम भी कर सकते हैं।

**कुंभ**

कुंभ राशि के जातकों की भौतिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आप धन उधार लेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगा।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी वाणी से आप लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपको अपने भाई से प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद विवाद में नहीं पढऩा है।

## सीएमएचओ ने परिवार कल्याण जागरूकता वैन को दिखाई हरी झंडी




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरूवार को परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत जागरूकता वैन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने वेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ मे यूएनएफपीए के सलाहकार आदित्य तोमर एवं मनीष कुमार उपस्थित थे।

सीएमएचओ ने बताया कि वैन ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति, पोस्टर और वीडियो के माध्यम से सुरक्षित परिवार नियोजन उपायों, उपलब्ध सेवाओं और उनके लाभों की जानकारी प्रदान करेगी।

इस वैन के जरिए विकसित वाट्स-अप आधारित चैटबॉट खुलके के पूछो का प्रचार भी किया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य उन क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाना है जहां गर्भनिरोधक उपायों और नवीनतम विकल्पों के प्रति जानकारी कम है। यह पहल महिलाओं और परिवारों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ-साथ परिवार नियोजन को समाज में स्वीकार्यता दिलाने में प्रभावी माध्यम साबित होगी।

## लांबा कलां का प्रगतिशील किसानभगवान प्रजापत अब टोंक में करेगा डेनमार्क की आधुनिक खेती

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** जिले में ग्राम लांबा कलां के प्रगतिशील किसान भगवान प्रजापत आज डेनमार्क यात्रा से टोंक लौट आए हैं, राज्य सरकार के नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम के तहत कृषि और पशुपालन से जुड़ी नई तकनीकों का प्रशिक्षण लिया है। राज्य सरकार द्वारा किसानों की क्षमता वृद्धि के लिए भेजे गए 38 प्रगतिशील किसानों के दल में भगवान का चयन हुआ है।

इस दल के साथ तीन मंत्रीगण जवाहर सिंह बेढ़म, जोराराम कुमावत और ओटाराम देवासी, तथा कई वरिष्ठ अधिकारी जैसे कृषि शासन सचिव राजन विशाल, पशुपालन निदेशक सुमित शर्मा, कृषि आयोग अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, हॉर्टिकल्चर कमिश्नर चिन्मय गोपाल, मार्केटिंग निदेशक राजेश चौहान और हॉर्टिकल्चर निदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह खीचड़ भी विदेश दौरे में शामिल रहे हैं। डेनमार्क में किसान दल ने उन्नत डेयरी फार्म, ग्रीनहाउस खेती, जर्सी गाय पालन, और फूलों की आधुनिक खेती प्रणाली का अध्ययन किया।

भगवान सहाय ने बताया कि वहाँ उन्होंने खेती और पशुपालन को कम लागत में अधिक उत्पादन की दिशा में विकसित होते पूरी तरह वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग से जुड़ी हुई है। वहाँ के अनुभवों को हम अपने गांवों में लागू करेंगे ताकि किसानों की आमदनी बढ़ सके। भगवान सहाय का मानना है कि यदि ग्रामीण स्तर पर आधुनिक उपकरणों और तकनीकों को अपनाया जाए, तो खेती को एक लाभदायक और सम्मानजनक व्यवसाय बनाया जा सकता है। टोंक के किसान इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

## रेल यात्रियों के लिए खुशखबरः अब एसी कोचों में मिलेगा कवर वाला साफ-सुथरा कंबल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** ट्रेन के एसी कोच में यात्रियों को दिए जाने वाले कंबलों की स्वच्छता को लेकर अब चिंतित होने की जरूरत नहीं है। रेलवे ने कंबलों की हाइजीन सुनिश्चित करने के लिए एक नई पहल की है। अब यात्रियों को कवर लगे हुए कंबल मिलेंगे और हर इस्तेमाल के बाद इन कवरों की नियमित सफाई की जाएगी। इस पहल की शुरुआत राजस्थान की राजधानी जयपुर से की गई है। फिलहाल इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है, जिसे सफलता मिलने के बाद देशभर की ट्रेनों में लागू किया जाएगा। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए रेलवे ने यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा, रेलवे में वर्षों से कंबल का उपयोग होता आ रहा है, लेकिन यात्रियों के मन में इसकी स्वच्छता को लेकर हमेशा संदेह रहता था। इस संशय को दूर करने के लिए अब कंबलों पर कवर लगाने की शुरुआत की गई है। जैसे हम अपने घरों में कंबलों पर कवर लगाते हैं, वैसे ही अब ट्रेनों में भी यह व्यवस्था होगी। रेलमंत्री ने बताया कि इस पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत जयपुर-अहमदाबाद रेलसेवा से की गई है। 16 अक्टूबर को काठीपुरा रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में इस नई पहल का शुभारंभ किया गया, जिसमें रेलमंत्री स्वयं उपस्थित रहे।

## टोडारायसिंह में विद्वत संगोष्टी आयोजितः 20 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजन और 22 अक्टूबर को अन्नकूट ,गोवर्धन पूजा मनाने का लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक (उमाशंकर शर्मा)।** अर्ध काशी नगरी जगद्गुरु निरंजन निरंजन देव तीर्थ जी महाराज जन्मस्थली संत पीपा जी की तपोस्थली टोडारायसिंह कस्बे के श्री राम मंदिर कल्याण जी का चौक में विद्वत संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें विद्वान विप्रजन उपस्थित रहे। संगोष्ठी भगवान श्री राम जी के चरणों में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ आचार्य पं आत्माराम गुर्जी ने की।

संगोष्ठी में पं.पुजारी सत्य नारायण शर्मा चारभुजा मंदिर, सीताराम शर्मा कल्याण मंदिर ,गोपाल वैष्णव श्री राम मंदिर , गोविन्द दाधीच श्री नरसिंह मंदिर, वरिष्ठ पं. राधे श्याम तिवाड़ी ,पं चंद्रशेखर शास्त्री दाधीच, पं अरुण कान्त शुक्ला, पं नवल किशोर शास्त्री, पं महावीर प्रसाद दाधीच, पं जितेंद्र शर्मा, पं अरविंद कुमार पाराशर, पं बद्री नारायण जी, पं गोविंद नारायण दाधीच, पं ऋषि राज शुक्ला, पं पीतांबर पाराशर, यज्ञकांत पांडे, भरत वैष्णव ,पंडित मोनू शुक्ला सहित अनेक विद्वान विप्रजन उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लक्ष्मी पूजन 20 अक्टूबर सोमवार को तथा अन्नकूट गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर बुधवार को मनाई जाएगी।

## कपड़े की दुकान पर ठगी की वारदात

**बढ़ता राजस्थान, नगरफोर्ट/टोंक(कमलेश गौतम)।** नगर फोर्ट तहसील मुख्यालय पर स्थित रेडीमेड कपड़े की दुकान पर से ठगी का मामला आया। ए वन कलेक्शन के मालिक फारूक अली ने बताया कि दिनांक 14 अक्टूबर को को सुबह 9 बजेर एक मोटर साइकिल दुकान आकर रुकी जिस पर से दो लड़के उतरे एक ने हेलमेट लगा रखा था वो आकर कपड़े देखने लगा उसने हेलमेट भी नहीं हटाया था। उसका साथी कुर्सी पर बैठ गया । हेलमेट वाले ने 6 हजार के कपड़े पसंद कर लिए और बोला कि में ये कपड़े बस पर काका जी को देकर आता हुं। मेरा साथी यही बैठा है। काफी देर में नहीं लौट तो दुकान मालिक ने पूछा उसके साथी को फोन करके बुला तो वो बोला में उसको नहीं जानता वो मुझे रास्ते से बैठा कर लाया है तब दुकान मालिक को एहसास हुआ कि दोनों ने मिलकर ठगी कर दी।

# विधायक एवं जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत रूपवास व ककोड़ में किया ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण

### किसानों को जागरुक कर फार्मर रजिस्ट्री बनाने के कार्य में प्रगति लाने पर रहा विशेष जोर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** देवली- उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर एवं जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को उपखंड उनियारा की ग्राम पंचायत रूपवास व ककोड़ में ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर एवं विधायक ने विभागीय स्टॉल पर जाकर एक-एक योजनाओं की कैंप में प्रगति को लेकर संबंधित कार्मिकों से जानकारी ली।

जिला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग के बीसीएमएचओ मनीष लोदी एवं मेडिकल ऑफिसर को कैंप में 30 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक महिला की ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर को लेकर स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही पुरुषों में बीपी व शुगर की जांच की जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों को जागरुक कर फार्मर रजिस्ट्री बनाने के कार्य में प्रगति लाएं।

जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी सोहन सिंह नरूका को कहा कि जिले के अनुपयोगी राजकीय भवनों का डाटा तैयार किया गया है,उपखंड में जो भी भवन किराए पर चल रहे हैं या जिनको नए भवन की आवश्यकता है। उन्हें इन भवनों में शिफ्ट किया जाए,ताकि इन भवनों की भी सार संभाल हो सके।




विकास अधिकारी शंकर सिंह को ग्रामीणों की मांग पर नरेगा में लेबर बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने ग्राम रूपवास में 241 पट्टे तैयार होने के बावजूद ऑनलाइन नहीं किए जाने को गंभीरता से लिया और इन्हें शीघ्र लाभार्थियों को वितरण करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की नहरों की साफ सफाई की मांग पर स्थानीय विधायक ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही समय रहते करने के निर्देश दिए।

विधायक एवं जिला कलेक्टर ने पात्र लोगों को आवासीय पट्टे, लाडो प्रोत्साहन योजना समेत अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया। इस दौरान तहसीलदार प्रवीण सैनी, जिला कलेक्टर के निजी सहायक अरविंद पाटीदार समेत ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। विधायक राजेंद्र गुर्जर ने ग्राम पंचायत ककोड़ एवं रूपवास में विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

### जिला कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ककोड़ में चिकित्सा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल ऑफिसर एवं अन्य चिकित्सा विभाग के कार्मिकों को ड्रेस कोड में रहने के निर्देश दिए। मेडिकल ऑफिसर सुनील सांवलिया से दवाइयां की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। लेबर रूम का निरीक्षण कर महिला नर्सिंग कार्मिक से पीएचसी पर ही संस्थागत प्रसव कराने के निर्देश दिए।

## ग्रामीण सेवा शिविर बना उम्मीदों का उत्सवःदर्जनों ग्रामीणों को मिला मकानों का वैधानिक अधिकार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** ग्रामीण सेवा शिविर आमजन के लिए उम्मीदों का नया सवेरा लेकर आए। इन शिविरों में न केवल सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचा, बल्कि वर्षों से लंबित सपनों को साकार रूप भी मिला।

पंचायत समिति खण्डार की ग्राम पंचायत हलोन्दा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में बंशी गुर्जर सहित दर्जनभर ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का अंत हुआ। शिविर के दौरान बंशी पुत्र हीरालाल गुर्जर, कैलाश पुत्र कन्हैया गुर्जर, मोती पुत्र कल्याण गुर्जर, रामसिंह पुत्र मोती गुर्जर, कैलाश पुत्र हीरालाल गुर्जर, गजानन्द गुर्जर पुत्र गंगाराम, परसो देवी पत्नी कन्हैया गुर्जर सहित दर्जनभर ग्रामीणों को पहली बार आवासीय भूमि के स्वामित्व कार्ड और निःशुल्क पट्टे सौंपे गए।



जिला कलक्टर काना राम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, उपखण्ड अधिकारी गौरव मित्तल, तहसीलदार नीरू सिंह ने कैलाश, बंशी, छोटू और रामसिंह को उनके मकानों का वैधानिक अधिकार सौंपा। दशकों बाद अपने नाम का पट्टा मिलने पर ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

शिविर में 33 नाम शुद्धिकरण, 5 सहमति से विभाजन, 150 मिनीकिट और 35 प्रधानमंत्री फसल बीमा पॉलिसियां भी वितरित की गई।

## टोंक की रेल के भागीरथी बनेंगे अकबर खान, केंद्रीय रेल मंत्री ने दिए शुभ संकेत

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** टोंक में रेल की मांग को लेकर पिछले 35 सालों से आंदोलन कर रहे रेल लाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष अकबर खान ने आज जयपुर पहुंचे केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान अकबर खान ने टोंक जिला मुख्यालय को रेल से जोड़ने के अधूरे पड़े प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने की मांग उठाई लेकिन रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का जवाब सुनकर अकबर खान पूरी तरह से उस समय चौंक गए जब खुद मंत्री ने यह कह दिया कि मुझे आपकी मांग और समस्या के बारे में पूरी जानकारी है और अकबर खान से कहा कि चिंता मत किजिए जल्द ही टोंक की रेल का काम शुरू किया जाएगा।



रेल लाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष अकबर खान ने बताया कि टोंक में कई वर्षों से अटकी पड़ी टोंक रेल परियोजना का कार्य शुरू करने की मांग को लेकर आज जयपुर खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की थी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन सौंप कर टोंक मुख्यालय को रेल से जोड़ने के अधूरे पड़े प्रोजेक्ट को शुरू करने की मांग की। अकबर खान ने बताया कि टोंक की जनता 35 वर्षों से रेल की मांग को लेकर संघर्ष करती आ रही हैं। टोंक रेल के लिए अब केवल भूमि अवाप्ति व आधी राशि की घोषणा होना बाकी हैं जिससे टोंक रेल का कार्य शुरू हो सकेगा, जिस पर रेल मंत्री ने अकबर खान को आश्वस्त करते हुए कहा कि बिल्कुल मुझे टोंक रेल के बारे में पता है जल्दी ही टोंक रेल के कार्य को ज़रूर अंजाम दूंगा। आपकों बता दे कि अकबर खान पिछले करीब 35 सालों से टोंक मुख्यालय को रेल से जोड़ने के लिए आंदोलन कर रहे है। कभी शहर की सड़क पर उतर भीख मांग कर राशि सरकार के खजाने में जमा करवाई तो कभी शहरवासियों का रेला लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

## टोंक में परिवहन विभाग की कार्रवाई, 7 बसें जप्त, 5 से वसूला 72 हजार का जुर्माना



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** जैसलमेर में स्लीपर कोच में आग लगने से हुई करीब 20 लोगों की मौत के बाद टोंक में जिला परिवहन विभाग की आज बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मच गया। टोंक में जयपुर-टोंक-कोटा हाईवे 52 पर दौड़ने वाली स्लीपर कोच बसों पर जिला परिवहन अधिकारी संपत वर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए 7 बसों को जप्त कर ली है। परिवहन निरीक्षक हनुमान मीना ने बताया कि अब तक सात बसे जप्त की जा चुकी है...कार्रवाई के दौरान 5 अन्य बसों पर चालान किया है, जिनसे 72 हजार रूपए का जुर्माना वसूला गया है। दरअसल जैसलमेर में हुए हादसे के बाद बसों इमरजेंसी गेट नहीं होने या फिर मॉडिफाइड करने साथ में टैक्स बकाया है, बिना परमिट के चल रही है उन पर कार्रवाई की गई है। आगे भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। वहीं परिवहन विभाग की कार्रवाई के विरोध में बस मालिक और चालकों ने विरोध भी जताया है। परिवहन विभाग की कार्रवाई को गलत ठहरा कर परेशान करने का आरोप लगाया है।

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की छापा मार कार्यवाही, खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

## 270 किलो मिल्क केक व 200 किलो एक्सपायरी खाद्य पदार्थ सॉस व सोडा वाटर , बिस्किट व मसाले को किया नष्ट

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीमती कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा गठित टीम

द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर के नेतृत्व में महावीर नमकीन भंडार देवली के गोदाम पर छापा मारकर मावा बर्फी व लड्डु का नमूना लिया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में कई प्रकार की अनियमितता पाई गई तथा मौके पर सोया सॉस, बिस्किट, सोडा वाटर , चिल्ली फ्लैक मसाले कुल मात्रा लगभग 200 किलो को मौके पर ही नष्ट करवाया। साथ ही खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा दल द्वारा एक अन्य फर्म गोपाल स्वीट्स देवली से मावा, मिल्क केक व मीठा मावा का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया। गोपाल स्वीट पर पाया गया मिल्क केक प्रथम दृष्टया मिलावटी दिखाई देने पर तथा विक्रेता द्वारा बाहर से मंगवाए जाने पर विक्रेता की सहमति से नमूना लेने के पश्चात शेष बचे लगभग 270 किलो मिल्क केक 6 कार्टून को गणेश जी तालाब में डालकर नष्ट किया गया। जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुजर ने बताया की दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ अविनाश साहू, रामेश्वर प्रसाद, तिलक वर्मा, राकेश सैनी आदि उपस्थित रहे।



### मिलावटियों पर खाद्य सुरक्षा विभाग का शिकंजा

# सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन पर 50 किलो मावा तड़के 3 बजे पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने खुद मैदान मे उतर कर कमान संभाल ली है। डॉ. जैमिनी के नेतृत्व में फूड सेफ्टी ऑफिसर वेद प्रकाश पूर्विया व नितेश गौतम की टीम द्वारा दीपावली के त्यौहार पर लगातार ताबड़तोड़ छापेमार कार्रवाही की जा रही है।

विभागीय टीम ने गुरुवार तड़के 3 बजे बड़ी रेलवे स्टेशन के बाहर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। टीम द्वारा 50 क्विंटल मावे को अमानक होने के संदेह पर डिटेन कर सीज किया गया।

विभाग को मिली सूचना के अनुसार आगरा से चल कर सवाई माधोपुर को आने वाली आगरा फोर्ट पैसेंजर ट्रेन से लगभग 50 क्विंटल जो कि लगभग 120 कट्टों में (प्रत्येक कट्टे में 40 से 50 किलो) मावा आया था, जिसकी कीमत 200 रुपए प्रति किलो थी जो कि बाज़ार भाव से बहुत कम थी। जो कि मिलावटी/अमानक होने का संदेह पैदा करता है। यहाँ मावा प्लेटफार्म नंबर 4 से ऑटो व पिकअप में भरकर सवाई माधोपुर की विभिन्न फ़र्मो राहुल मावा भंडार, न्यू विजय मावा भंडार, पारस मिष्ठान भंडार, वर्धमान मावा, बंसल स्वीट्स, बृजवासी स्वीट्स, कल्पतरु स्वीट्स, राधेश्याम कल्याणमल मावा भंडार, लवली केटर्स, जय अम्बे मिष्ठान भंडार एवं कई अन्य हेतु सप्लाई हेतु मँगाया जाना बताया गया। खाद्य विभाग की टीम जो कि पहले से ही पूरी तैयारी से वहाँ मौजूद थी ने सुबह 3 बजे मुस्तैदी से पूरा मावा डिटेन किया तथा सभी फर्मो के मालिकों को बुलाकर मोके पर नमूनीकरण किया, तथा विभिन्न फर्मो के मावे को कोल्ड स्टोरेज में रखवा कर सीज़ किया गया। सम्भवतया यह सवाईमाधोपुर की अब तक की बहुत बड़ी कार्यवाही है।

लिए गए सभी नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भिजवाया गया लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार सख्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



### आमजन से अपील

सीएमएचओ ने जिले वासियों से अपील की है कि विभाग द्वारा छापेमारी व आवश्यक् कार्यवाही की जा रही है। किन्तु आमजन स्वयं भी त्योहारी सीजन मे सस्ती व अमानक खाद्य वस्तुओ का सेवन न करे, बाजार से सामान खरीदने से पूर्व उसकी गुणवत्ता जांचे व देख परख कर ही खाद्य सामग्री लें।

## ग्रामीणों से शिविर की व्यवस्थाओं एवं उनकी समस्याओं के समाधान का लिया फीडबैक

# जिला कलक्टर ने थानागाजी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पडाक छापली में आयोजित ग्राम सेवा शिविर का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने गुरुवार को थानागाजी उपखण्ड की ग्राम पंचायत पडाक छापली में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं शिविर में आए हुए आमजन से शिविर में प्रदान की जा रही सुविधाओं व सेवाओं का फीडबैक भी लिया तथा प्रतापगढ तहसील का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखने के दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने शिविर का निरीक्षण कर विभागवार व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आमजन को दी जाने वाली सेवाओं की प्रक्रिया आदि का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के काम सुगमता से सम्पादित कर उन्हें राहत प्रदान करना हैं।

उन्होंने शिविर प्रभारी को निर्देश दिये कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शिविर के दौरान आमजन को दी जाने वाली सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते। साथ ही आमजन को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान कर पात्र लोगों को लाभांवित करावे। उन्होंने शिविर में आमजन के लम्बित नोटिसों की तामील एवं फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण कराने, रास्ते खोलने, आपसी सहमति से विभाजन एवं नामांतरण, किसान गिरदावरी ऐप द्वारा गिरदावरी करवाने, मूल निवास व जाति प्रमाण बनाने, पेंशन सत्यापन के प्रकरण एवं स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व पट्टे बनाने आदि की प्रगति का अवलोकन कर सभी कार्यों को यथासंभव मौके पर ही सम्पादित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने शिविर में आए हुए ग्रामीणों से उनके कार्यों की जानकारी ली तथा शिविर का फीडबैक भी लिया।



उन्होंने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ सीधे उनके दरवाजे तक पहुंचाना है। अतः जागरूक रहकर न केवल इन शिविरों का लाभ उठावे, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इनकी जानकारी प्रदान कर उन्हें लाभांवित कराने में सहयोग करें। शिविर में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला कलक्टर ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए सुपोषण किट योजना, मां वाउचर योजना एवं बालिका के लिए जन्म से लेकर विवाह तक में होने वाले खर्च से राहत प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। इस दौरान उन्होंने शिविर स्थल पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### पप्पूराम का हुआ मौके पर काम, बालक सक्षम को मिला पालनहार योजना का लाभ

शिविर में जिला कलक्टर को पडाकछापली निवासी पप्पूराम मीणा ने अवगत कराया कि मेरे पिता माधोराम मीणा ने निधन से पहले केसीसी से ऋण लिया था, जिसे उनकी मृत्यु से पहले ही जमा करा दिया गया, किंतु बैंक द्वारा इसका नो ड्यू जारी नहीं दिया, इसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। इस पर जिला कलक्टर ने एसबीआई के मैनेजर को निर्देशित कर फरियादी के ऋण की नो ड्यू जारी करने के निर्देश दिये। इस पर एसबीआई बैंक द्वारा मौके पर ही केसीसी ऋण के भुगतान का नो ड्यू जारी कर फरियादी को राहत प्रदान की। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी थानागाजी पिंकी गुर्जर, तहसीलदार श्री मोहित पंचौली सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## शुद्ध आहार-मिलावट पर वार- दिवाली से पहले घी जब्त, मिठाइयों से सैंपल लिए गए



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर डॉ0 टी शुभमंगला एवं श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉक्टर योगेंद्र शर्मा के निर्देशन में दीपावली के त्यौहार पर खाद्य पदार्थो में मिलावट की आशंका को देखते हुए जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिले में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा श्रीमान मुख्य शिक्षक स्वास्थ्य अधिकारी अलवर के के पास प्राप्त शिकायत के अनुसार सुबह 7.00 बजे जेल चौराहा स्थित एक टेंपो को पकड़ा गया जिसमें एल्युमिनियम के 14 कैनन में करीब 475 किलोग्राम घी रखा था एवं 15 टिन के खाली पीपे जो कि खाद्य तेल के थे इसमें रखे हुए थे उक्त टेंपो को घी को विक्रेता शाहिद खान ने अपने द्वारा ककराली मेंव से आमजन को बिक्री हेतु लाया जाना बताया एवं उक्त घी को वह कहां पर सप्लाई के लिए ले जा रहा था इसके लिए कोई संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दे पाया उक्त केनों के घी को चखने पर उनमें मिलावट की आशंका हुई जिससे उनमें से एक घी का नमूना जांच हेतु लिया गया एवं शेष बचे 475 किलोग्राम घी को जप्त किया गया। इसके पश्चात आज श्रीमान मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉक्टर योगेंद्र शर्मा के नेतृत्व में अलवर शहर में मिर्चीवाला फूड कैटर्स, मोहल्ला चाह पप्पू, अलवर,के यहां निरीक्षण किया गया एवं उनके यहां से एक ड्राई फ्रूट लडडू एवं काजू कतली का नमूना जांच हेतु लिया गया, इसके पश्चात बाबा ठाकुरदास एंड संस धोबी घटा अलवर स्थित कलाकंद एवं अन्य मिठाई निर्माण इकाई से एक कलाकंद का एवं एक बर्फी का नमूना जांच हेतु लिया गया, कन्हैया स्वीट तिजारा रोड अलवर से एक कलाकंद का एवं एक ड्राई फ्रूट लडडू का नमूना जांच हेतु लिया गया।

## राजस्व रिकॉर्ड में अशुद्धि ठीक होने से शिम्बु यादव को मिली राहत



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में संचालित सेवा पर्व पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए न केवल राहत लेकर आ रहा है बल्कि मौके पर ही वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान होने से ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। रैणी उपखण्ड की ग्राम पंचायत छिलोडी में आयोजित शिविर में शिम्बु यादव का मौके पर ही राजस्व रिकॉर्ड में नाम शुद्घ कर लाभांवित कराया गया। लाभार्थी शिम्बु यादव ने बताया कि कई वर्षों से राजस्व रिकॉर्ड में नाम शिम्बु यादव की जगह शिवलाल पुत्र ख्याली दर्ज होने की अशुद्घि होने के कारण सरकार की सभी सुविधाओं व योजनाओं से वंचित था जिसके कारण अनेक समस्याओं का सामना करना पडा रहा था। ग्राम पंचायत में शिविर की सूचना मिलने पर ज्ञात हुआ कि राजस्व संबंधी कार्य शिविर में मौके पर ही किए जा रहे हैं, जिसके लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत किए, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए राजस्व रिकॉर्ड में मौके पर राजस्व रिकॉर्ड में मेरा नाम शिवलाल के स्थान पर शिम्बु यादव कर लाभांवित किया गया।

## 4 प्रकरणों में सेवानिवृत अधिकारियों की रोकी पेंशन

बढ़ता राजस्थान

अभियोजन स्वीकृति के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए 2 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार, सेवारत अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के 8 प्रकरणों में वार्षिक वेतन वृद्धियां रोकने का निर्णय किया गया है। साथ ही, सेवानिवृत्त अधिकारियों के चार प्रकरणों में पेंशन राशि रोकने का दंड दिया गया है। एक अन्य प्रकरण में नियम 34-सीसीए के अंतर्गत प्रस्तुत अपील को खारिज करते हुए पूर्व में प्रदत्त दंड को यथावत रखा गया है। वहीं, सीसीए नियम-23 के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील में राहत देते हुए परिनिंदा तक सीमित किया गया है।

## निरंजन बड़ाया रामेश्वर धाम सकट ट्रस्ट के अध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** सकट कस्बे की नदी किनारे स्थित जय हनुमान जनउपयोगी सेवा संस्थान रामेश्वर धाम सकट ट्रस्ट के सभी आजीवन ट्रस्टियों एवं वर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर कर निरंजन बड़ाया (बांदीकुई / दिल्ली) को ट्रस्ट का नवनियुक्त अध्यक्ष घोषित किया है। नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन बड़ाया अब अनुभव और संगठनात्मक दृष्टि से ट्रस्ट के हित में कार्य करने हेतु ट्रस्ट कार्यकारणी के लिए मंत्री, संगठन मंत्री, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष नियुक्त करेंगे।

## सीएम भजनलाल शर्मा की लापरवाह कार्मिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार शासकीय कार्यों में पूर्ण जवाबदेहिता और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। इसी दिशा में जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं भ्रष्टाचार के दोषी कार्मिकों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने 14 प्रकरणों में कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही और 2 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति का अनुमोदन किया है।

## मिट्टी व गोमय के दीपक पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आदेश जारी कर जिला पुलिस अधीक्षक, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम आयुक्त, जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारियों, नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों, विकास अधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है।

## अलवर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जायसवाल ने दिवाली पर अवकाश की उठाई मांग

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गुरूवार को भाजपा अलवर दक्षिण ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुकेश जायसवाल एडवोकेट ने राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी के अन्तर्गत कार्य करने वाले कार्मियों के अवकाश से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री महोदयए राजस्थान सरकार को पत्र प्रेषित किया। पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे सर्वजनहित कार्यों में स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी शाहीन अली खॉन परियोजना निदेशक, राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, जयपुर द्वारा जारी तुगलकी फरमान से सरकार की छवि खराब हो रही है।

संज्ञान में आया है कि शाहीन अली खॉन परियोजना निदेशक, राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, जयपुर के आदेशानुसार राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, में कार्यरत कर्मचारी जो कि सीएससीडीएच व मैडिकल कॉलेज स्तर पर कार्यरत है को साप्ताहिक अवकाश के साथ मिलने वाले सभी राजकीय अवकाश जीएच बन्द कर दिये है। इस कारण से प्रदेश स्तर पर हजारों परिवार प्रभावित हो रहे है। आदेश ऐसे समय में आये है जब दीपावली का त्यौहार आने को हैए इस त्योहार पर हजारों परिवार जो इस पर्व को मनाते है के साथ.साथ अन्य धर्मों के लोग भी दीपावली पर अपने घर नहीं जा पायेंगे और उनकी सामाजिक भावनाएं आहत हो रही है। जबकि राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी में कार्यरत ज्यादातर कार्मिक एनएचएम के आदेशानुसार सीएसआर में कार्यग्रहण में कर चुके है। श्रीमान् या तो कार्मिकों को राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी के नियमानुसार 30 सीएलएवं 10 मैडिकल अवकाश देय होने चाहिये या फिर एनएचएम के अनुसार 12 सीएल व 10 मैडिकल एवं समस्त राजकीय अवकाश जीएच मिलनी चाहिये। चुंकि प्रदेशभर में एनएचएम कार्मिक समस्त राजकीय अवकाशों का उपभोग कर रहे है। आज इस आदेश से सभी धर्मों के लोग दीपावली पर अपने घर नहीं जाने से आक्रोशित है साथ ही आने वाले समय में अन्य धर्मों के कार्मिक भी अपने-अपने त्योहारों पर घर नहीं जा पायेंगे। जिससे सरकार के प्रति कर्मचारी व उनके परिवारों की वैमनश्यता बढ़ेगी ।

पत्र प्रेषित कर मांग की है कि परियोजना निदेशकए राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी जयपुर द्वारा जारी आदेश को निरस्त करने की कृपा करे ताकि दीपावली के त्योहार पर सभी हजारों कार्मिक अपने. अपने घर जा कर अपने परिवारजनों के साथ दीपावली मना सके। ऐसा होने से प्रदेश में सरकार की सार्थक छवी बढ़ेगी।

## राजकीय महाविद्यालय रैणी में नशा मुक्ति कार्यकम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रैणी (अलवर)।** नोडल महाविद्यालय राजगढ़ के अधीन राजसेस योजनान्तर्गत संचालित राजकीय महाविद्यालय रैणी में बुधवार को नोडल प्राचार्य डॉ. के.एल. मीना ने नई किरण नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत सभी छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलवायी। इस कार्यकम का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को नशा मुक्ति के प्रति जागरुक करना तथा युवाओं को सही दिशा में आगे बढने के लिए प्रेरित करना है। विद्यार्थी गांव-गांव में नशा मुक्ति का संदेश फैला सकते है। वे समाज में नशे की बुराई को जड से मिटाने के लिए सामूहिक प्रयास करें। मुख्य वक्ता प्रो. रचना जैन ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होने विद्यार्थियों से नशा मुक्त रहने और आस-पास के लोगो को भी नशे से दूर रखने का आहवान किया। नोडल प्रभारी राम केश मीना ने कहा कि नशा मुक्त जीवन व्यक्ति को स्वस्थ अनुशासित और सफल बनाता है। इस अवसर पर प्रो. मोनिका मीना, जगदीश प्रसाद बैरवा, चौथमल कुमावत, अर्चना यादव, चाहत आर्य, दुर्गेश नंदन शर्मा, सुरेन्द्र मीना, गिर्राज प्रसाद सैनी, बिजेन्द्र कुमार सैनी एवं छात्राएँ उपस्थित रही।

## अलवर पुलिस का बड़ा एक्शन- फ्लिपकार्ट ट्रक से 226 फोन चोरी करने वाली इंटर-स्टेट गैंग का पर्दाफाश

### 47 लाख के 108 आईफोन-लैपटॉप बरामद, अब तक 7 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के नेतृत्व में अलवर पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़ की टीम ने फ्लिपकार्ट कंपनी के ट्रांसपोर्ट ट्रक से महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान की चोरी करने वाले एक अंतर-राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में अब तक कुल 07 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं और उनसे बड़ी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लाखों में है।





एसपी चौधरी ने बताया कि यह 07 अक्टूबर को अमृतसिंह मोटर ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक लखन पाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके ट्रक को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दो ड्राइवरों ने प्राप्त किया। ट्रक को महाराष्ट्र के भिवंडी के फ्लिपकार्ट वेयरहाउस से माल लेकर आना था, लेकिन रास्ते में ही उसमें से कुल 234 हाई-वैल्यू आइटम गायब हो गए। इनमें मुख्य रूप से 221 आईफोन 16 और अन्य कंपनियों के महंगे फोन व लैपटॉप शामिल थे। जांच में पता चला कि ड्राइवर नासिर खान और चाहत खान के नाम फर्जी थे। उनके असली नाम क्रमशः अफजल और असलम थे।पुलिस जांच में पता चला कि यह गैंग एक संगठित तरीके से काम करती थी, जिसमें फ्लिपकार्ट कंपनी के भीतर से अंदरूनी सूचना प्राप्त की जाती थी। गैंग का एक सदस्य जिसका नाम लोकेश बताया जा रहा है, महंगे सामान की आवाजाही की सूचना देता था।

आरोपी फिर फर्जी पहचान पत्र का उपयोग कर ट्रांसपोर्ट कंपनी में ड्राइवर की नौकरी हासिल कर लेते थे। ट्रक को वेयरहाउस से निकालने के बाद वे मुंबई-दिल्ली मार्ग पर कहीं भी ट्रक का लॉक तोडक़र कीमती सामान चुरा लेते थे और उसे सस्ते दामों पर बेच देते थे।लक्ष्मणगढ़ पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले 7 अक्टूबर को ही आरोपी अफजल, असलम निवासी लक्ष्मणगढ़ और सुधीर यादव निवासी तिजारा को गिरफ्तार किया।

इसके बाद गहन अनुसंधान के दौरान अब तुषार यादव निवासी हरियाणा, विक्रम सिंह निवासी उत्तर प्रदेश, जयपाल यादव निवासी खैरथल तिजारा और मनीष निवासी गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अब तक गिरफ्तार आरोपियों से 88 एप्पल आईफोन, 20 अन्य कंपनियों के मोबाइल, 02 एप्पल लैपटॉप, 01 सैमसंग टैब और घटना में प्रयुक्त वैगनार कार बरामद की है। फिलहाल पुलिस टीम फरार चल रहे मुख्य साजिशकर्ता लोकेश और चोरी के बाकी सामान की बरामदगी के लिए प्रयास कर रही है।

## 108 वीं गौ सवामनी के हवन कार्यक्रम



# जय जय श्रीराम के जयकारे से राज्य मंत्री संजय शर्मा ने दी पूर्ण आहुती

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** संयुक्त वैश्य महासभा रजि0 खंडेलवाल सेवा समिति अलवर, रोटरी क्लब सरिस्का, एवं लायंस क्लब अलवर मत्स्य के संयुक्त तत्वाधान में 108 वीं गौ सवामनी का आयोजन बुध विहार स्थित कांजी हाउस नंदी गौशाला में किया गया। हवन में जजमान के रूप में मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर गिरीश गुप्ता सपत्नी यामिनी गुप्ता एवं माताजी श्रीमती गंगा गुप्ता, लायन अनिल बंसल सपत्नी सरोज बंसल,रजनीकांत खण्डेलवाल सपत्नी आरती खण्डेलवाल ने बैठकर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के वन, पर्यावरण जलवायु परिवर्तन विज्ञान एवं प्रद्योगिकी विभाग स्वतन्त्र प्रभार संजय शर्मा थे। संजय शर्मा द्वारा हवन में पूर्णाहुति देकर सभी को दीपावली की अग्रीम बधाई दी गयी वही जय-जय श्री राम एवं भारत माता की जयकारे लगाये गए। संयुक्त वैश्य महासभा रजि0 के अध्यक्ष एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 9, जोन . 4, क्लब संख्या 095645 के लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सदस्य व कार्यक्रम संयोजक लायन सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि बुध विहार स्थित कांजी हाउस नंदीगौशाला में अनावृत 01 जुलाई 2025 से लगातार गौ सवामनी का आयोजन किया जा रहा है। 108 वीं गौ सवामनी लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सीनियर मेम्बर एवं मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा सवामनी राखी गयी थी 108 वीं सवामनी के उपलक्ष में हवन का आयोजन भी किया गया साथ ही नंदी गौ शाला में उपस्थित गाय.बैलों को गुड एवं हरा चारा, सब्जियों में बैंगन, भिण्डी, खीरा, हरा पालक, मूली इत्यादि खाने को दिया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सदस्य पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, कोषाध्यक्ष लायन यामिनी गुप्ता, सचिव लायन सुधा अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक लायन सतीश कुमार गुप्ता, लायन रमा गुप्ता,लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन लक्ष्मी अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायन सरोज बंसल, लायन गोविन्द गोयल,लायन महेश धानावत, लायन शकुन्तला धानावत, लायन प्रहलाद अग्रवाल, लायन घनश्याम अग्रवाल, लायन रूपेश गुप्ता, लायन सुनील बंसल, लायन निर्मला बंसल, लायन प्रहलाद अग्रवाल तहसील वाले, रजनीकांत खण्डेलवाल, आरती खण्डेलवाल, पुष्पेन्द्र खण्डेलवाल, सुमन खण्डेलवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## दीपावली और छठ पूजा पर भीड़ प्रबंधन के लिए कोटा मंडल की विशेष तैयारी



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड)।** पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल ने दीपावली, छठ पूजा और अन्य पर्वों के दौरान बढने वाली यात्रियों की भीड़ को देखते हुए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन के नेतृत्व में व्यापक योजना तैयार की गई है ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके। 17 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक कोटा और सवाई माधोपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या बढने की संभावना है। इस अवधि में सोगरिया से दानापुर व बरौनी तक चलने वाली विशेष ट्रेनों के कई फेरे बढ़ाए गए हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए आरपीएफ की तैनाती बढ़ाई गई है, अतिरिक्त टिकट खिड़कियां और नियंत्रण कक्ष सक्रिय रहेंगे। प्लेटफार्मों, प्रतीक्षालयों और स्वच्छालयों की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ की गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्टेशन पर समय से पहुंचे और रेलवे के दिशा-निर्देशों का पालन करें ताकि त्योहारों का सफर सुरक्षित और सुगम बन सके।

## सांगोद अदालत चौराहे पर भारतसिंह कुंदनपुर की मूर्ति लगाने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**सांगोद, (विनोद गौड़)।** सांगोद क्षेत्रवासियों ने पूर्व मंडल अध्यक्ष असरार अहमद के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय में नायब तहसीलदार जुगलकिशोर नागर को ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार से स्वर्गीय भारतसिंह कुंदनपुर की मूर्ति सांगोद अदालत चौराहे पर लगाने की मांग की। असरार अहमद, पूर्व सरपंच फूलचंद गोचर और किराड़ समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण मेहेता ने बताया कि भारतसिंह कुंदनपुर का जीवन सेवा और जनहित के लिए समर्पित रहा। उन्होंने वार्ड पंच, सरपंच, विधायक और मंत्री रहते हुए अस्पताल, स्कूल, पंचायत भवन, पार्क और सडक़ निर्माण जैसे कई विकास कार्य किए। क्षेत्रवासियों का मानना है कि उनकी मूर्ति सांगोद अदालत चौराहे पर लगने से आने वाली पीढियों को प्रेरणा मिलेगी और यह स्वर्गीय कुंदनपुर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। ज्ञापन देने वालों में सलीम अंसारी, ब्रजराज मीणा, शफीक अंसारी, फिरोज पठान, दिनेश सोनी और कई अन्य क्षेत्रवासी शामिल थे।

## ग्रामीणों की शिकायत पर ऊर्जा मंत्री नागर ने स्कूल की छत खुदवाई तो खुली पोल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/देवली,(विनोद गौड़)।** सांगोद विधायक और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ग्रामीणों की शिकायत पर देर रात झाड़ आमली पहुंचे। ग्रामीणों ने स्कूल भवन की घटिया छत की शिकायत की। अधिकारियों ने दावा किया कि छत तोडक़र नई बनाई गई है। मंत्री नागर ने स्वयं स्कूल पहुंचकर छत की जांच करवाई। सरिया के द्वारा खुदाई में पता चला कि सीमेंट की जगह मिट्टी और बजरी की जगह क्रेशर डस्ट का प्रयोग हुआ था। पुरानी छत पर ही पिलर लगाकर निर्माण प्रारंभ किया गया था। मंत्री ने सैंपल पीडब्ल्यूडी भेजकर जांच कराई और छत को पुनर्निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ कोई समझौता नहीं होगा और घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। मंत्री नागर ने गांव-गांव जाकर जनता से शिकायतें सुनीं और उच्च गुणवत्ता निर्माण सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया। झाड़ आमली स्कूल भवन का निर्माण 4 करोड़ रुपए की लागत से हो रहा है। अधिकारियों द्वारा छत की सही जानकारी न देने का मामला सामने आया। मंत्री की सक्रियता से अधिकारियों की लापरवाही उजागर हुई।

## आतिशी नजारों के बीच 132वें राष्ट्रीय मेला दशहरा-2025 का हुआ औपचारिक समापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड)।** 132वें राष्ट्रीय मेला दशहरा-2025 का औपचारिक समापन समारोह शुक्रवार शाम 8 बजे विजय श्री रंगमंच पर संपन्न हुआ। दशहरा मेला एवं अन्य उत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक शांति धारीवाल, संदीप शर्मा और कल्पना देवी भी उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि बिरला समापन की घोषणा के बाद ध्वज अवतरण करेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों, संवेदकों, दुकान, स्टॉल व झूला संचालकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद श्रीराम रंगमंच प्रांगण में भव्य आतिशबाजी दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगी। राजवंशी ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय मेला दशहरा को दुनिया के 34 देशों में लाइव देखा गया। यूट्यूब प्रसारण के जरिए देश के 750 से अधिक कस्बे, शहर और गांव जुड़े, वहीं 12 लाख घंटे से अधिक वॉच टाइम दर्ज हुआ।

मेले की अवधि दो दिन बढ़ाई गई है ताकि व्यापारी धनतेरस पर खुलकर व्यापार कर सकें। वर्षा से प्रभावित व्यापार की भरपाई के लिए यह निर्णय लिया गया है।

## भाजपा नेता राकेश नायक ने सभी वाहनों की सघन जांच की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश नायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने कोटा आरटीओ कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने सभी निजी और सरकारी बसों में अग्निशमन यंत्र, मेडिकल किट और आपातकालीन द्वार की सुनिश्चितता के लिए विशेष जांच अभियान चलाने की मांग की। नायक ने कहा कि हाल ही में जैसलमेर से जोधपुर जा रही बस में आग लगने से 20 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई, जो बस मालिक और परिवहन विभाग की लापरवाही का परिणाम थी। कार्यकर्ताओं द्वारा कई प्राइवेट और रोडवेज बसों में सुरक्षा उपकरणों की कमी पाई गई।

### राजीविका महिलाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगाई स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी

# स्वदेशी को अपनाएं, ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाएं- जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** महिला सशक्तिकरण और स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन के उद्देश्य से गुरूवार को राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की महिलाओं द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा महिलाओं से उत्पादों के निर्माण, पैकेजिंग और बाजार में बिक्री की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।
कलक्टर ने सभी महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि महिलाओं द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि कोटा वासियों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने की दिशा में आगे आना चाहिए और राजीविका की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों को खरीदकर एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है।



अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) अनिल सिंघल ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कहा कि राजीविका से जुड़ी महिलाएं अपने हुनर को विभिन्न मंचों पर प्रदर्शित करें ताकि अन्य महिलाएं भी इससे प्रेरित होकर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की अधिक से अधिक खरीद कर ग्रामीण विकास में सहभागिता निभाएं। राजीविका की डीपीएम नेहा चतुर्वेदी ने बताया कि कोटा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 7,000 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। इनमें जुड़ी महिलाएं खाद्य सामग्री, हर्बल उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन, दैनिक उपयोग की वस्तुएं एवं हस्तनिर्मित सामान तैयार कर अपनी आजीविका चला रही हैं। प्रदर्शनी में दिए, गिफ्ट हैंपर, हवन कप्स, हर्बल हेयर ऑयल, हर्बल सोप, फेस पैक, डायरी, हैंड बैग्स सहित अनेक उत्पाद प्रदर्शित किए गए। राजीविका द्वारा संचालित सिटी मॉल के पालिका बाजार की दुकान नंबर 716 पर ग्रामीण महिलाओं के बनाए सभी उत्पाद उपलब्ध हैं, जहाँ से नागरिक इनका क्रय कर ग्रामीण आजीविका संवर्धन में सहयोग दे सकते हैं। कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि स्वदेशी अपनाना केवल परंपरा का सम्मान नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस कदम है।

## पद्मिनी क्लब ने दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** रोटरी क्लब पद्मिनी द्वारा तलवंडी स्थित होटल अमर पंजाबी गाला बैंक्वेट हॉल में दीपावली उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। अध्यक्ष संगीता काबरा और सचिव अमिता मरचूनिया ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ असिस्टेंट गवर्नर गुरप्रीत आनंद और पूर्व अध्यक्ष नीता मित्तल ने दीप प्रज्वलन कर किया।

उन्होंने स्वदेशी वस्तुएं अपनाने और मिट्टी के दीये जलाने का संदेश देते हुए छोटे दुकानदारों से खरीदारी करने की अपील की ताकि उनके घरों में भी खुशियां आएं। कार्यक्रम संयोजिकाओं माधवी मित्तल, नमिता अग्रवाल, शुभा गुप्ता, रेणु पालीवाल और अंजना पोधार ने मनोरंजक गेम्स आयोजित किए। दिवाली क्वीन प्रतियोगिता में प्राची शारदा विजेता बनीं। दिया सजावट प्रतियोगिता में सभी सदस्यों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। गुरप्रीत आनंद की ओर से सभी को दीपावली गिफ्ट भेंट किए गए।

## आलनिया बांध की नहरों में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग की जांच की मांग

### जल उपयोगिता संगम समिति ने लगाया आरोप

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** आलनिया बांध की नहरों पर हो रहे निर्माण कार्य का जल उपयोगिता संगम समिति के अध्यक्ष ने निरीक्षण किया। मौके पर पाया गया कि संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है,और मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा। पिछले निर्माण कार्यों में भी इसी प्रकार की लापरवाही के कारण निर्माण स्थल धराशायी हो गया था।

समिति अध्यक्ष नईमुद्दीन गुड्डु ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने संवेदक को भ्रष्टाचार करने की खुली छूट दी हुई है। निरीक्षण में देवली माइनर, आमला माइनर, खजूरी माइनर और ब्रजनगर डिस्ट्रीब्यूटर आईएमसी नहर में सीमेंट का उपयोग ही नहीं किया गया। रेत की जगह डस्ट के माध्यम से निर्माण किया जा रहा था।



निरीक्षण के दौरान कई ग्रामवासी और जल उपयोगिता संगम समिति सदस्य मौजूद थे। उन्होंने बताया कि बार-बार अधिकारियों को शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि धमकियां दी जाती हैं। इस घटिया निर्माण से 42 गांवों के पानी वितरण और किसानों की लाभकारी योजना पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

## श्रमिक कल्याण के लिए जमा कराएं उपकर राशि

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** उप-श्रम आयुक्त शमिता जैन की अध्यक्षता में कोटा के बिल्डर्स के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

उप-श्रम आयुक्त ने बताया कि भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों के नियोजन एवं सेवा शर्तों के विनियमन तथा उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा व कल्याण के उपायों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा ''भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996'' बनाया गया है। भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों के लाभार्थी कल्याणकारी योजनाएं संचालित करने के प्रयोजनार्थ धनराशि की व्यवस्था के लिए अलग से ''भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम भी पारित किया गया है जिसके अंतर्गत राजकीय एवं निजी सभी प्रकार के निर्माण कार्यों पर लागत के एक प्रतिशत की दर से उपकर वसूल किए जाने का प्रावधान है। 10 लाख रूपए लागत तक के निजी आवास के निर्माण कार्य को इसमें सम्मिलित नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि उपकर राशि का उपयोग निर्माण श्रमिकों के कल्याणार्थ काम में आता है। इस कारण सभी भवन निर्माताओं का दायित्व बनता है कि वह स्वेच्छा से निर्माण लागत का असेसमेंट कर निर्धारित समयावधि में निर्माण लागत का 1 प्रतिशत उपकर श्रम विभाग में या संबंधित संस्थान में जमा कराएं।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, कमला उद्यान कोटा में दीपोत्सव धूमधाम से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, कमला उद्यान कोटा में दीपावली का पर्व आध्यात्मिक उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में इंदौर से पधारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शकुंतला दीदी तथा ब्रह्माकुमारी दिव्य जीवन कन्या छात्रावास, इंदौर की 50 कन्याओं ने भाग लिया। इंदौर से आई बहनों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

राजयोगिनी शकुंतला दीदी ने दीपावली के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलयुग के अंत में आत्मा की ज्योति मंद पड़ जाती है, तब परमात्मा शिव ज्ञान का घृत डालकर उस ज्योति को पुनः



प्रज्वलित करते हैं, जिससे मनुष्य के अंदर के विकार भस्म हो जाते हैं। केंद्र प्रभारी राजयोगिनी उर्मिला दीदी ने सभी अतिथियों का ईश्वरीय सौगात व पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व हमें शुद्धता, पवित्रता और मिलजुलकर रहने का संदेश देता है। अंत में दीदी ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराया तथा ईश्वरीय प्रसाद वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

### 316 किलो डोडाचूरा और टाटा हैरियर कार जब्त

# ऑपरेशन गरूड़व्यूहः कोटा में मादक पदार्थ तस्करों पर बड़ी चोट

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान गरूड़व्यूह के तहत थाना आरकेपुरम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 316 किलो 690 ग्राम अफीम डोडाचूरा अनुमानित कीमत करीब ?47.50 लाख सहित तस्करी में प्रयुक्त लग्जरी टाटा हैरियर कार जब्त की है।

### नाकाबंदी तोड़ने के लिए पुलिस टीम पर फायर

एसपी गौतम ने बताया कि बुधवार 15 अक्टूबर को पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन और थानाधिकारी महेन्द्र मारू के नेतृत्व में थाना आरकेपुरम पुलिस टीम ने रावतभाटा-कोटा हाईवे पर बोरावास में नाकाबंदी की। इसी दौरान रावतभाटा की तरफ से आ रही एक टाटा हैरियर कार



पुलिस नाकाबंदी को देखकर वापस भागने की कोशिश करने लगी। जब पुलिस टीम ने कार को घेरकर रुकवाने का प्रयास किया तो कार चालक ने कार को नाली में उतार दिया और दोनों तरफ से जानलेवा फायर करते हुए अंधेरे और बोरावास जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। फरार तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और जानलेवा हमले की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान थाना रानपुर के जिम्मे सौंपा गया है।

### तस्करी का तरीका, फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल

तलाशी लेने पर पुलिस को कार में 18 प्लास्टिक के कट्टे मिले, जिनमें डोडाचूरा भरा हुआ था। इसके अलावा पुलिस ने एक बड़ा खुलासा किया है, तस्कर पुलिस से बचने के लिए लग्जरी कारों का इस्तेमाल करते थे और हर कुछ किलोमीटर पर फर्जी नंबर प्लेट बदल लेते थे। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त टाटा हैरियर कार से 6 अलग-अलग नंबरों की फर्जी नंबर प्लेटों को जब्त किया है। फरार हुए तस्करों की तलाश में पुलिस टीमें बोरावास जंगल में सघन अभियान चला रही हैं।

## जीके सिटी सेवा समिति के अध्यक्ष बने मधुसूदन दुबे

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जीटी रोड पर पप्पू जाट ढाबा के पास स्थित जीके सिटी कॉलोनी में जीके सिटी सेवा समिति के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में समाजसेवी मधुसूदन दुबे को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। जीके सिटी स्थित श्री हीरामणि रघुनाथ मंदिर परिसर में संपन्न हुए चुनाव के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष मधुसूदन दुबे जी ने उपस्थित निवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीके सिटी के हित में जो भी संभव होगा, वह तन-मन-धन से नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगें। सभी के सहयोग और समन्वय से जी.के. सिटी में विकास और सद्भावना को गति प्रदान करेंगें। कार्यकारिणी में प्रताप सिंह राना को अध्यक्ष की अनुमति से उपाध्यक्ष चुना गया। दुबे ने बताया कि कार्यकारिणी का शीघ्र ही विस्तार किया जाएगा, जिसमें सभी वर्गों और समाज के लोगों का ध्यान रखा जाएगा। बैठक के उपरांत कॉलोनीवासियों ने दुबे व राना को हार्दिक बधाइयाँ दीं और आशा व्यक्त की कि इनके नेतृत्व में कॉलोनी के विकास को नई गति मिलेगी।

## धौलपुर की बेटी प्रिया शर्मा का आरएएस में चयनः 686वीं रैंक हासिल की, लोगों ने दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर के सैंपऊ उपखंड के ग्राम सैमरा निवासी प्रिया शर्मा का राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन हो गया है। उन्होंने आरएएस परीक्षा में 686वीं रैंक हासिल की है।

प्रिया शर्मा (बिधौलिया) पुत्री सुखदेव शर्मा (बिधौलिया) की बेटी हैं। प्रिया के चयन पर उनके परिवार, गांव और जिलेभर में खुशी का माहौल है। लोग उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। प्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों, परिवार के बड़े भाई-बहनों और कड़ी मेहनत को दिया है। उन्होंने कहा कि सतत एवं मूलभूत अध्ययन से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

## धौलपुर एसपी ने किया पुलिस थाने का निरीक्षणः मुकदमों की पेंडेंसी खत्म करने और दीपावली पर सुरक्षा पुख्ता रखने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** त्योहारी सीजन को देखते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने गुरुवार को पुलिस थाने का निरीक्षण किया और थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने लंबित मुकदमों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए।

**मुकदमों की पेंडेंसी पर सख्ती, जल्द निस्तारण के आदेश :** एसपी सांगवान ने कहा कि थाने में दर्ज मुकदमों को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पुराने मामलों की फाइलों की समीक्षा कर जल्द-से-जल्द निपटारा करें, ताकि जनता को न्याय में देरी न हो।

**दीपावली पर सुरक्षा व्यवस्था होगी कड़ी :** आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए एसपी ने कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों और बाजारों में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में यातायात बाधित न हो, और बाजारों में विवाद या अफरा-तफरी की स्थिति न बने।

**पुलिसकर्मियों को दिया टीमवर्क का संदेश :** बैठक के दौरान एसपी ने पुलिस टीम को सतर्कता और समन्वय के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहार के समय पुलिस की भूमिका केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने की नहीं, बल्कि जनसहयोग और भरोसा बढ़ाने की भी होती है।

## किसान सम्मान निधि में धनतेरस पर मिलेगी 1000 रुपए की अतिरिक्त राशि

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राज्य सरकार द्वारा किसान उत्थान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना प्रारंभ की गई है, जो भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रम में संचालित है।उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां विनोद कुमार कोठारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा राज्य बजट से प्रति वर्ष 3000 की राशि किसानों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से जमा की जा रही है, जिससे किसानों को सीधा आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है।इसी क्रम में राज्य सरकार द्वारा धनतेरस, दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को दोपहर 2:00 बजे, नदबई, जिला भरतपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय अपने कर कमलों से डीबीटी के माध्यम से ?1000 की राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित करेंगे।इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्रों में किया जाएगा, ताकि लाभार्थी किसान सीधे कार्यक्रम से जुड़ सकें।

राजसमंद जिले के लगभग 40,000 किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय लाभार्थी किसानों से लाइव संवाद भी करेंगे।

## कहार गली में डिस्कॉम ने पकड़ी बिजली चोरी कपड़े की सॉप में हो रहा था पाइप के सहारे जंपर से बिजली का उपयोग, 20 हजार का जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** दीपावली त्यौहार को लेकर जयपुर विद्युत वितरण निगम द्वारा शहर के 33 केवी जीएसएस और 11 केवी हाईवोल्टेज लाइनों के साथ 220 वोल्ट ट्रांसफार्मर प्लेटफार्म पर मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत शहर की सर्विस लाइनों को बदलने और सुधार की कार्यवाही हो रही है। इस कार्य के तहत गुरुवार को शहर की कहार गली बाजार में जब मेंटेनेंस कार्य हो रहा था तो डिस्काम के अधिकारियों ने एक कपड़ा दुकानदार को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा है। जिसके खिलाफ वीसीआर और जुर्माने की कार्रवाई की है। डिस्कॉम की सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया कि जयपुर विद्युत वितरण निगम द्वारा मेंटेनेंस कार्य के चलते कहार गली में बिजली लाइनों को दुरुस्त करते समय कपड़ा दुकानदार को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा है। जिसने छत से पानी निकालने वाले पाइप के जरिये जंपर डाल रखा था।दुकानदार का नाम पवन शर्मा है। जिस पर जेईएन जगदीश मीणा और टीम ने बीस हजार रुपये का जुर्माना किया है। दुकानदार के खिलाफ वीसीआर भी भरी गई है।

### ग्राम पंचायत रासेड एवं रेडवास में ग्राम सेवा शिविरों का आयोजन

# विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने 'प्लास्टिक लाओ, शक्कर ले जाओ अभियान को लगाए चार चांद और स्वच्छता के प्रति जगाई चेतना

बढ़ता राजस्थान

**कोटड़ी (नि.स.)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुँचाने और जनसेवा को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत रासेड एवं ग्राम पंचायत रेडवास में ग्राम सेवा शिविरों का भव्य आयोजन हुआ। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर आमजन की समस्याओं को मौके पर ही सुना और समाधान सुनिश्चित किया।

रासेड़ में रामबिलास मीणा की सशक्त पहल - प्लास्टिक लाओ, शक्कर ले जाओ अभियान शुरू

ग्राम पंचायत रासेड़ में आयोजित सेवा शिविर में उपखंड अधिकारी एवं रामबिलास मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनकल्याणकारी नीतियाँ आमजन तक पहुँचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।शिविर के दौरान उन्होंने लाभार्थियों को नाम शुद्धिकरण के आदेश स्वयं सौंपे, जिससे ग्रामीणों के चेहरों पर उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई।

इसके बाद रामबिलास मीणा ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन देने हेतु अभिनव योजना प्लास्टिक लाओ, शक्कर ले जाओ कार्यक्रम की



शुरुआत की। ग्रामीणों ने इस पहल में बढ़-चढ़कर भाग लिया दोनों ग्राम पंचायत में लगभग 25 किलो प्लास्टिक लाने पर 25 किलो शक्कर प्राप्त की।इस अभिनव विचार ने न केवल लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया, बल्कि प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक भी किया।विकास अधिकारी मीणा ने कहा,गांव तभी विकसित होगा जब वह स्वच्छ और सशक्त होगा। स्वच्छता को आदत नहीं, आस्था बनाना होगा।

इसके साथ ही उन्होंने कई लाभार्थियों को आवासीय पट्टे वितरित किए और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाएं। विकास अधिकारी रामबिलास मीणा का स्वच्छता पर जोर - 'स्वच्छता ही सच्ची सेवा विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने शिविर में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। अगर हर परिवार अपने आस-पास सफाई रखेगा तो गांव और पंचायत अपने आप स्वच्छ और सुंदर बनेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रखा जाए और सभी विभाग ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय से कार्य करें।

मीणा ने स्वच्छ भारत मिशन की भावना को ग्राम स्तर पर जनभागीदारी से जोड़ने पर बल दिया दूसरी ओर, ग्राम पंचायत बीशानियां में आयोजित शिविर में शिविर प्रभारी एवं प्रगति प्रसार अधिकारी दलीप सिंह ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारे को सार्थक करते हुए एक नन्ही बच्ची का जन्मदिन मनाया।

केक काटकर उन्होंने संदेश दिय।शिविर के दौरान ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, मंडल अध्यक्ष और शिविर प्रभारी द्वारा पोषण किटों का वितरण भी किया गया। पोषण अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों पोषण जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह वितरण किया गया दोनों ग्राम पंचायतों में आयोजित इन शिविरों में ग्रामीणों का भारी उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएँ अधिकारियों के समक्ष रखीं और अधिकांश शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।इस अवसर पर प्रशासक प्रतिनिधि रासेड, पंचायत समिति के अधिकारी, कार्मिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## 4 साल में 48 हजार से 1.32 लाख तक पहुंचा सोना, पुष्य नक्षत्र पर सवा 2 करोड़ रु. के बिके सिक्के, मूर्तियां और गोल्ड गिफ्ट

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद में भी दीपावली के पावन अवसर पर लोगों द्वारा बाजार में त्योहारी सीजन में इस बार लोगों ने घर या जमीन में निवेश की बजाय गोल्ड को प्राथमिकता दी है। पुष्य नक्षत्र के दो दिन में ही राजसमंद जिले में सवा दो करोड़ रुपए से ज्यादा का सोना मुख्य रूप ज्वेलरी के बजाय सिक्के, मूर्तियां, गिफ्ट आइटम और राशि रत्न में लोगों ने निवेश किया।

सोने के रेट में लगातार उछाल के बावजूद खरीदारों की भीड़ सर्राफा बाजारों में नजर आई।समृद्धि, सुरक्षा और लक्ष्मी का प्रतीक माने जाने वाला सोना पहली बार 1.32 लाख रुपए प्रति दस ग्राम के नए मुकाम पर पहुंच गया। मंगलवार और बुधवार को पुष्य नक्षत्र होने के कारण दो दिन में सोने के भाव में 3 हजार रुपए तोला का इजाफा हुआ। खास बात यह है कि सोने को 48



हजार रु. से 75 हजार रुपए तक पहुंचने में करीब 4 साल लग गए, जबकि उसके बाद 1.32 लाख रुपए तक का सफर महज एक साल में ही तय कर लिया। यानी एक साल में ही कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं।

सोने में निवेश सबसे सुरक्षित माना जाता है।इसका सबूत इस बात से मिलता है कि 2020 में सोना 48600 हजार रु. तोला था। अगले एक साल 2021 में इसके भाव 50500 रु. ही हुए थे, लेकिन उसके बाद से अब तक इसके भाव में 83150 रुपए बढ़ चुके हैं।

इन दो दिन में जिलेभर में करीब सवा दो करोड़ रुपए का करीब डेढ़ किलो से अधिक सोना खरीदा गया।

सोने-चांदी की लगातार बढ़ रही कीमतों ने शादियों के लिए गहने खरीदने वालों की चिंता बढ़ा दी है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से निवेशकों को सोने ने अच्छा रिटर्न दिया है। 2022 में इसकी रेट 54 हजार रु. तोला थी, जबकि 2023 में ये 60 हजार रुपए तक पहुंचा। 15 अगस्त 2025 को सोना पहली बार एक लाख रुपए के स्तर पर पहुंचा था।

जानकारों के अनुसार सोना पिछले 45 साल में निवेशकों को 100 गुणा रिटर्न दे चुका है। इधर चांदी के भावों में भी ऐतिहासिक वृद्धि देखने को मिली है। मंगलवार को चांदी 1.83 लाख रुपए प्रति किलो के ऐतिहासिक रिकॉर्ड पर पहुंच गई। एक्सपर्ट नवीन चोरड़िया के अनुसार अमेरिकी राजनीति में अनिश्चितता, डॉलर इंडेक्स में गिरावट और ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड में कमी के चलते सोने की वैश्विक मांग तेजी से बढ़ी है।

## आमेट में 2828 लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलाः 'सेवा पखवाड़ा के तहत लगा शिविर, 17 अक्टूबर तक चलेगा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** आमेट उपखंड में शिविर सेवा अभियान 2025 के तहत अब तक 2828 लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। यह अभियान नगरपालिका द्वारा आयोजित किया जा रहा है।नगरपालिका अधिशासी अधिकारी शंकर लाल रेगर ने बताया कि यह अभियान राजस्थान सरकार के महत्वाकांक्षी सेवा पखवाड़ा का हिस्सा है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

शिविर का आयोजन नगर पालिका परिसर में किया गया। इस दौरान नगरपालिका, जलदाय विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, समेकित बाल विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मौके पर ही विभिन्न समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण किया। मौके पर 200 लाभार्थियों को तत्काल लाभ प्रदान किया गया।इस अभियान के तहत जन्म, मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र, खराब नल, हैंडपंप लीकेज, पालनहार योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना पोषण, एफआरएस उपचारित व्यक्ति एनसीडी स्क्रीनिंग और विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया। कुल मिलाकर, 2828 लाभार्थियों ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। यह अभियान 17 सितंबर से शुरू हुआ था, जो 17 अक्टूबर तक चलेगा।'सेवा पखवाड़ा' के दौरान स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान, वृक्षारोपण और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने जैसे विभिन्न सेवा शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। ये शिविर कार्यक्रम वार्ड-वार आयोजित किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

## ब्राह्मण समाज की नवीन कार्यकारिणी का हिन्द जागरण मंच ने किया स्वागत सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** श्री सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष पवन चंसौरिया एवं युवा अध्यक्ष संगीत शर्मा के साथ महामंत्री विजय दीक्षित सहित टीम का सनातन संस्कृति के अनुसार हिंदू जागरण मंच कार्यालय पर हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अंजनी पाराशर और टीम के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पधारे हुए पूर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सुरेश दीक्षित एवं वर्तमान सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति ट्रस्ट के महामंत्री भुवनेश्वर शर्मा का भी हिंदू जागरण मंच कार्यालय पर स्वागत सम्मान किया गया।

इस मौके पर श्री सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष पवन चंसौरिया ने कहा कि समाज के नवनिर्माण के लिए शीघ्र अतिशीघ्र कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा और हम सभी मिलकर समाज एवं राष्ट्र हितार्थ कार्य करेंगे। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अंजनी पाराशर ने कहा कि समन्वय के साथ कार्य करना ही हमारा उद्देश्य है। इस मौके पर हिंदू जागरण मंच महिला सुरक्षा एवं सम्मान के जिला प्रभारी डॉ अशोक शर्मा ने भारतमाता के जयघोष, राजाराम चंद्र भगवान के जयकारे लगवाए, जिनसे कार्यालय में राम नाम से गुंजायमान हो गया। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के जिला संरक्षक चिम्मन दास बाबा, गौ रक्षा दल प्रमुख अजय कंसाना, हिंदू जागरण मंच बाड़ी के सह खंड संयोजक अमित लवानिया, हेमंत पाराशर, दिव्यांकर बिधो लिया, चिराग शर्मा, अग्निवेश उपाध्याय, पुन्नी परमार, जगदीश शर्मा मौजूद रहे।

## डॉ.खुशबू पाण्डेय् के आरएएस में चयन पर पाण्डेय् परिवार में खुशी की लहर, हासिल की 41 वीं रैंक

### बधाईयो देने वालों का लगा तांता

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर कस्बे के प्रतिष्ठित पाण्डेय् गंगाप्रसाद पाण्डेय् परिवार की वधु डां. खुशबू पाण्डेय् पत्नी डां. हर्ष पाण्डेय् ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा 2023 में 41 वीं रैंक प्राप्त कर परिवार को गौरान्वित किया है। डॉक्टर खुशबू पांडे भारतीय सेवा में चिकित्साक के पद पर कार्यरत रही है।डॉक्टर खुशबू अपनी सफलता का श्रेय अपने पूर्वजों एवं परिजनों को देती हैं। इनका परिवार भुसावर कस्बे के सम्पूर्ण शिक्षित परिवारों में से एक है। पूर्व में दो राजस्थान प्रशासनिक अधिकारियों सहित इनके परिवार में भारतीय सेना के अधिकारी, डॉक्टर ,इंजीनियर , शिक्षाविद् सहित इनके ससुर यादवेन्द्र पाण्डेय् वायुसेना के अधिकरी एवं भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी रहे हैं। डॉ.खुशबू की सफलता पर शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक संरक्षक डॉ एमके शर्मा ,राष्ट्रीय अध्यक्ष रागिनी शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सेफ इंडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यतेन्द्र पाण्डेय्, रचना शर्मा राजकुमारी शर्मा, सुनीता शर्मा, डॉ एस एन लाहा, शिक्षाविद ्भूपेंद्र पाण्डेय्, गजेन्द्र पाण्डेय्, धर्मेन्द्र पाण्डेय्, एडवोकेट धनेंद्र पाण्डेय्, कपिलदेव पाण्डेय्, डॉ चन्द्रदेव पाण्डेय्, इन्जीनियर इन्द्रदेव पाण्डेय्, इन्जीनियर गुरूदेव पाण्डेय्, सूर्य देव पाण्डेय्, इन्जीनियर दिव्यदेव पाण्डेय्, विश्व देव पाण्डेय्, नम्रता इन्फ्रा टेक्नोलॉजी डायरेक्टर अम्रत भारद्वाज, सहित बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है।

### विहिप के गौ रक्षक दल ने सौंपा उपखंड प्रशासन को ज्ञापन

## गोवंश की रक्षा को लेकर पॉलीथिन थैली पर रोक,कचरे का निस्तारण और पशु चिकित्सकों को पाबंद करने की मांग, प्रशासन ने नहीं लिया एक्शन तो युवाओ के साथ करेंगे आंदोलन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षक दल द्वारा गुरुवार को बाड़ी उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को एक ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन के माध्यम से गौ रक्षक दल ने मांग की है की शहर में पॉलिथीन थैलियों पर रोक लगनी चाहिए। घरों के साथ दुकानदारों द्वारा पॉलिथीन में भरकर कूड़े कचरे को गलियों और चौराहों पर फेंका जाता है। जिसे खाकर गाय माता और निरीह गोवंश बीमार हो रहा है। कई गाय और गोवंश की अकाल मौत हो चुकी है।

विडंबना की स्थिति यह है कि पशु चिकित्सक उनका उपचार तक नहीं करते हैं। ऐसे में प्रशासन से पॉलिथीन पर रोक लगाने,पशु चिकित्सकों को पाबंद करने और नगर पालिका प्रशासन को शाम की सफाई शाम को ही कराने की मांग की है।

विहिप गौ रक्षक दल के डॉ जितेंद्र गुलपारिया,सचिन डोयला, हर्षित,नैतिक,श्याम,बृजेश,मयंक



आदि ने बताया कि शहर के मुख्य चौराहों पर और गली-मोहल्लों में नागरिक एवं दुकानदार कूड़े कचरे एवं घर के बचे खाद्य पदार्थों को पॉलिथीन में भरकर फेंक देते हैं। जिसे भूख से परेशान गोवंश और गाय माता खा रही है। पॉलिथीन की थैली जब उसके पेट में जाती है और अधिक मात्रा में एकत्रित होती है तो बीमारी का शिकार होने के चलते उनकी मौत हो रही है। गौ रक्षक दल के सदस्यों ने आरोप लगाया कि शहर के पशु अस्पताल में जो चिकित्सक तैनात है वह उनका उपचार तक नहीं करते। जिसके चलते गौ रक्षक दल और गौ सेवा समिति के युवा परेशान है।

पूर्व में भी प्रशासन को उक्त समस्या से अवगत कराया था जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। नगर पालिका के हालात यह है 24 घंटे में शहर की एक बार सफाई होती है। यदि शाम का कचरा शाम को ही साफ किया जाए तो इस पर काफी हद तक रोक लगा सकती है। क्योंकि ज्यादातर दुकानदार सब्जी वाले,फल विक्रेता रात के समय ही गंदगी को चौराहे पर फेंकते हैं जो थैली में पैक कर फेंकी जाती है।

गौरक्षक दल ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन उनकी मांगों को लेकर तत्परता से कोई कार्रवाई नहीं करता है तो गौ रक्षक दल गौ सेवा समिति युवाओं के साथ आंदोलन करेंगे।

## नगर पालिका कपासन 'स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली का आमजन को देगी सन्देश



बढ़ता राजस्थान

**कपासन(सुनील कुमार डभाड़ीया)।** दीपोत्सव से पूर्व नगर पालिका कपासन द्वारा स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान अंतर्गत विशेष सफाई का अभियान का गुरुवार को शुभारंभ किया गया।

न.पा. स्वास्थ्य जमादार मुकेश कोदली ने बताया कि अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा के निर्देशन में नगर पालिका कपासन क्षेत्र में स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान के अंतर्गत नगर के बस स्टेंड,लोढ़किया चौक,सब्जी मंडी सहित नगर के मुख्य बाजार क्षैत्र की पालिका सफाईकर्मियों द्वारा साफ-सफाई की गयी।

इधर नगर पालिका कपासन स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली ने बताया कि उक्त विशेष सफाई के तहत नगर पालिका कपासन क्षेत्र के समस्त वार्डों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान संचालित कर दीपोत्सव पर्व से पूर्व साफ-सफाई कर आमजन को स्वच्छ दिवाली शुभ दीवाली का जागरूकता संदेश दिया जायेगा।उक्त अभियान शुभारंभ के दौरान नगर पालिका सफाई कर्मचारी विजय कोदली,विशाल कोदली,ओमप्रकाश,दिलीप,राकेश,गमेरमल ,भारत, संजू आदि कार्मिकगण उपस्थित रहे।

## भवानीमंडी पुलिस ने दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को 6 घंटे में किया गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी, (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी धर्मराज गुर्जर को भवानीमंडी पुलिस ने घटना के मात्र 6 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को लगभग शाम 4 बजे जब वह अकेली जा रही थी, तभी धर्मराज पुत्र शोभाराम गुर्जर, निवासी घटोद, ने उसे रास्ते में सुनसान स्थान पर देखकर पीछे से पकड़ लिया, उसका मुंह दबाया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इस पर थाना भवानीमंडी में मामला दर्ज किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड़ चिरंजीलाल मीणा के निर्देशन एवं वृताधिकारी भवानीमंडी आरपीएस प्रेमकुमार के सुपरविजन में, थानाधिकारी रमेशचंद मीणा के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने सूचना संकलन कर आरोपी धर्मराज पुत्र शोभाराम गुर्जर (निवासी घटोद, थाना भवानीमंडी, जिला झालावाड़) को घटना के 6 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है।

## सीताकुंड में मिला नवजात अब सुरक्षित, बाल कल्याण समिति ने शिशुगृह में करवाया प्रवेश



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** मांडलगढ़ थाना क्षेत्र के सीताकुंड के पास गत दिनों मिले नवजात शिशु को बाल कल्याण समिति, भीलवाड़ा द्वारा संरक्षण में लेकर उपचार के पश्चात राजकीय शिशुगृह में प्रवेशित करवाया गया।

बाल कल्याण समिति ने नवजात को मिलने के तुरंत बाद महात्मा गांधी जिला अस्पताल के एनआईसीयू वार्ड में भर्ती करवाया था, जहां डॉक्टर इंद्रा सिंह, नर्सिंग प्रभारी सुनील पोरवाल एवं नर्सिंग स्टाफ की देखरेख में शिशु का उपचार किया गया। अस्पताल प्रशासन ने समिति को सूचित किया कि शिशु अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है।इसके पश्चात समिति अध्यक्ष चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव के निर्देश पर नवजात को पालड़ी स्थित राजकीय शिशुगृह में स्थानांतरित किया गया। सुपुर्दगी की प्रक्रिया महात्मा गांधी अस्पताल के एनआईसीयू प्रभारी द्वारा संपन्न करवाई गई, जिसमें बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चंद्रकला ओझा, सदस्य विनोद राव, डॉक्टर इंद्रा सिंह, नर्सिंग प्रभारी सुनील पोरवाल एवं अन्य नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे। शिशुगृह अधीक्षक गौरव सारस्वत ने नवजात को विधिवत ग्रहण कर आज शिशुगृह में प्रवेश दिलाया।

## भाविप चंद्र शेखर आजाद शाखा ने कन्याओ और महिलाओ को किया जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** भाविप चंद्र शेखर आजाद शाखा द्वारा महिला सहभागिता के अंतर्गत बलिकाओ और महिलाओ को अपने स्वास्थ के प्रति जागरुक करने हेतु सर्वाइकल कैंसर जागरूकता, एनिमिया के बारे मे जानकारी देते हुए निवारण हेतु गुड चना वितरण का कार्यक्रम किया। कार्यक्रम, शास्त्री नगर समीप कच्ची बस्ती की कन्याओ और महिलाओ के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ भारती और युगपुरुष स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्रो पर दीप प्रज्जवलन से हुई।

कार्यक्रम प्रभारी आशा काबरा ने बताया की महात्मा गाँधी अस्पताल के आयुष विभाग से डॉक्टर प्रियदर्शिनी शर्मा एवं प्रवीण ओझा से सहयोग प्राप्त हुआ। बेटी बढ़ाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी बसाओ की प्रांतीय प्रभारी श्रीमति रिंकू सोमानी का सानिध्य प्राप्त हुआ। सभी कन्याओ और महिलाओ को हीमोग्लोबिन बढाने हेतु गुड चना वितरण किया गया।

### जिला स्तरीय पंच गौरव समिति की बैठक संपन्न

# पंच गौरव से जिले को मिलेगी नई पहचान, सीताफल बनेगा 'चित्तौड़गढ़ ऑर्गेनिक ब्रांड - आलोक रंजन

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़, (नि.स.)।** जिला स्तरीय पंच गौरव कार्यक्रम समिति की त्रैमासिक (तृतीय) बैठक बुधवार को प्रातः 11 बजे कलक्ट्रेट परिसर स्थित समिति कक्ष में जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पंच गौरव कार्यक्रम के तहत जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगे की कार्ययोजना पर चर्चा हुई।

**जिले के पंच गौरव तत्वों के विकास पर जोर :** बैठक में जिला कलक्टर आलोक रंजन ने जिले में पंच गौरव कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रोत्साहन एवं प्राप्त बजट का उपयोग पंच गौरव गाइडलाइन के अनुसार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के पंच गौरव तत्व — एक जिला एक उपज सीताफल, एक जिला एक वनस्पतिक प्रजाति बेलपत्र, एक जिला एक उत्पाद ग्रेनाइट एवं मार्बल, एक जिला एक पर्यटन स्थल चित्तौड़गढ़ दुर्ग और एक जिला एक खेल कबड्डी के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए ताकि जिले को विशिष्ट पहचान मिल सके।

**सीताफल और पर्यटन विकास को मिले बढ़ावा :** जिला कलक्टर ने उद्यान विभाग को सीताफल के उत्पादन, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने, इसके जैविक उत्पादों को जी.आई. टैग दिलाने तथा "Chittorgarh Fort Organic Sitafal" नाम से ब्रांडिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन विभाग को चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर बिजली की पर्याप्त व्यवस्था करने, खाली स्थानों पर सोलर पैनल लगाने, पर्यटकों के भ्रमण हेतु ई-वाहन चलाने और विशेषयोग्यजनों के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कबड्डी खेल के लिए प्रत्येक ब्लॉक पर मैट एवं कच्चे मैदान तैयार करने और बेलपत्र के नमो वन विकसित करने की बात कही।

**पंच गौरव कार्यक्रम से जिले को मिलेगी नई पहचान**

समिति सदस्य सचिव शबनम खोरवाल ने बताया कि पंच गौरव कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक जिले की क्षमता और क्षेत्र विशेष की विशिष्टता के आधार पर उत्पादों एवं स्थलों का चयन कर उनके संरक्षण, संवर्धन और विकास के जरिए जिले को एक सशक्त सांस्कृतिक एवं आर्थिक पहचान दी जा रही है। इस कार्यक्रम से रोजगार के अवसरों में वृद्धि और आर्थिक प्रगति को गति मिलेगी।

बैठक में पंच गौरव कार्यक्रम से जुड़े विभागों सहित नाबार्ड, कृषि, उद्यान, पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग, पर्यटन विभाग एवं रीको के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आगामी धार्मिक पर्वो को लेकर कपासन में सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन

### विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति बनी चर्चा का विषय

बढ़ता राजस्थान



**कपासन(नि.स.)।** आगामी धार्मिक पर्वो एवं दीपोत्सव पर्व को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण मनाने सहित इस दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर पंचायत समिति कपासन के सभागार में गुरुवार को पुलिस उपाधीक्षक कपासन हरजीलाल यादव एवं सीएलजी सदस्यों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव द्वारा उपस्थित नगर के गणमान्यजनों से आगामी धार्मिक पर्वो पर माकूल सुरक्षा एवं शांति इत्यादि व्यवस्थाओं को लेकर सुझावों के साथ विस्तृत चर्चा की गयी।साथ ही आगामी धार्मिक पर्व दीपावली,खेखरा,धनतेरस, छोटी दीपावली आदि पर्वो को सौहार्दपूर्ण मनाने हेतु आग्रह के साथ दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं दी गयी।

सीएलजी बैठक में विभागीय अधिकारी रहे नदारद (कलर बोक्स

गौरतलब है कि आगामी धार्मिक पर्वो को लेकर पंचायत समिति कपासन के सभागार में गुरुवार को आयोजित सीएलजी बैठक में उपखंड एवं तहसील स्तरीय विभिन्न विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही।साथ ही उक्त सीएलजी बैठक का आयोजन क्षैत्र में आवश्यक रख-रखाव के कारण विद्युत आपूर्ति बंद रहने से अंधेरे में ही करना पड़ा।

इस दौरान पुलिस चौकी कपासन सूचना प्रभारी जितेंद्र गुर्जर,व्यापार मंडल कपासन अध्यक्ष कोमल बारेगामा,सामाजिक कार्यकर्ता भवानीशंकर लोहार, अंजुमन कमेटी सदर अशफाक तुर्कीया,पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत,पूर्व पार्षद शिवशंकर उपाध्याय,वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया,पार्षद प्रतिनिधि ललित टांक,बजरंग दल के छोटू वैष्णव, इब्राहिम टेलर सहित सीएलजी सदस्य एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सर्वसमाज ने 21 अक्टू. को कपासन में दीपावली मनाने का लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**कपासन(नि.स.)।** नगर के श्री चारभुजाजी मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन कर सर्वसम्मति से 21 अक्टूबर को दीपावली सहित दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया।

नगर कपासन के मध्य स्थित श्री चारभुजाजी मंदिर परिसर में आचार्य चंद्रशेखर तुलछिया एवं पं. राजू व्यास के शास्त्र सम्मतनुसार बुधवार सांयकाल सर्वसमाज की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें धनतेरस पर्व 18 अक्टू. 2025 शनिवार,रूप चतुर्दशी 20 अक्टू. 2025 सोमवार,दीपावली मंगलवार,बुधवार को गोवर्धन पूजा मनाने का सर्वसमाज द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।जिसके अंतर्गत कपासन नगर में दीपावली पर्व दिनांक 21 अक्टूबर मंगलवार को मनाया जायेगा।

## दीपावली की खुशियां मातम में बदली

### दो बेटियो के बाद एक माह पूर्व हुआ था बेटे का जन्म

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** दीपोत्सव की खुशिया में मातम में तब्दिल हो गई है। एक माह पूर्व मृतक की पत्नि ने दो पुत्रिया के बाद पुत्र को जन्म दिया था। घर परिवार में खुशी का माहौल था। बुधवार रात्रि को केवट नगर के पास हाईवे पर हुआ दर्दनाक हादसे में 29वर्षिय नारायण सैनी की मौके पर मौत हो गई। गुरूवार की सुबह नैनवां उपजिला चिकित्सालय की मोर्चरी में मृतक का पोस्टमार्टम करवा पुलिस ने परिजनो को सुर्पद किया गया। गोठड़ा के माताजी के बरड़े में जैसे ही मृतक की लाश पहॅुची तो एकाएक कोहराम मच गया। परिवारजनो को रो-रो कर बुरा हाल था। हेडकॉस्टेबल सुरजमल ने बताया कि मृतक के पिता कल्याण माली ने पुलिस को दी गई रिर्पोट में बताया कि उसका पुत्र बुधवार की सांय गांव से फैनबेल्ट लेकर नैनवां आ रहा था। 8-9 बजे करीब केवट नगर के पास हाईवे पर ट्रेक्टर चालक ने गलफत एंव लापरवाही से ट्रेक्टर चालक ने बाइक सवार उसके पुत्र के टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उसके पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करने के बाद मृतक का पोस्टमार्डम करवा कर शव परिजनो को सुर्पद किया गया।

## तकनीकी उन्नयन कार्यशाला का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** राजस्थान सरकार, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में एमएसएमई रैंप स्कीम के तहत तकनीकी उन्नयन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों को रैंप कार्यक्रम की क्रियान्वयन एजेंसी पीडी कोर लिमिटेड द्वारा रैंप स्कीम में तकनीकी उन्नयन और ऊर्जा ऑडिट से होने वाले फायदों के बारे में मुख्य रूप से जानकारी दी गई। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों के लिए चलाई जा रही योजनाओं ओडीओपी, एमएसएमई 2024 एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन के बारे में भी व्यापारियों को जानकारी दी गई। शिविर के दौरान अजय मनोरिया ट्रेनर ओमकार अजय धोरखंडे, प्रोजेक्ट मैनेजर अंकित कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर ओमकार ने व्यापारियों को योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। इस दौरान शिविर में व्यापारी विनोद कुमार मारवाड़ा, पुखराज ओसवाल, टोनी जैन,सौरभ जैन अमित मारवाड़ा, विजय मित्तल, अमित बंसल, अनिल जैन, महेंद्र जैन, मोनू सैनी सहित कई व्यापारी मौजूद रहे। अभिषेक गर्ग ने कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी दी।

## श्रमण संघीय प्रवर्तक मदन मुनि म.सा. के 72वें दीक्षा जयंती दिवस को गुणानुवाद सभा एवं 110 एकासन तप के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन(सुनील कुमार डभाड़ीया)।** श्रमण संघीय प्रवर्तक मदन मुनि म.सा. का 72वां दिक्षा जयंती दिवस को वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के तत्वावधान में बुधवार को नगर में स्थित अंबेश भवन में शासन प्रभाविका कंचन कंवर म.सा. के सानिध्य में गुणानुवाद सभा एवं एकासन तप के साथ मनाया गया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुवे साध्वी डॉ. सुलोचना ने श्रमण संघीय प्रवर्तक मदन मुनि म.सा. के जीवनी में बताया कि ग्राम सरदारगढ़ में 20 फरवरी 1931 को पिता गमेरमल हिंगड़ के यहां माता सुंदर बाई की कुक्षी से जन्म लिया।बाल्यावस्था का नाम लक्ष्मीलाल तथा सरदारगढ़ मे महासती प्रेमवती म.सा. के चातुर्मास में वैराग्यकाल आया।

उल्लेखनीय है कि वैराग्यकाल बाद 31 अक्टू. 1953 को मोलेला में मेवाड़ प्रवर्तक अम्बालाल म.सा. के सानिध्य में दीक्षा ली तथा लक्ष्मीलाल से मदन मुनि नाम रखा गया।मदन मुनि म.सा. को हिन्दी,संस्कृत, प्राकृत,राजस्थानी एवं मेवाड़ी भाषा का ज्ञान था।साथ ही राजस्व विभाग मे नोकरी छोड़कर दिक्षा ग्रहण की एवं विहार क्षेत्र मेवाड़,मारवाड़,गुजरात एवं महाराष्ट्र रहा।श्रमण संघीय प्रवर्तक मदन मुनि म.सा. ने शांत, सरल एवं साधु मर्यादा की पालना करते हुवे अपने उच्च जीवन का निर्माण किया।

इधर श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि श्रमण संघीय प्रवर्तक मदन मुनि म.सा. के 72वें दीक्षा जयंती दिवस को गुणानुवाद सभा के साथ श्रावक-श्राविकाओं द्वारा 110 एकासन तप कर मनाया गया।इस सभा में संघ संरक्षक अनील बाघमार,रूपलाल डांगी,प्रकाश आंचलिया,अशोक कुमार बापना,साधुमार्गी संघ सदस्य अशोक चंडालिया,संपत हिंगड़,मदन चण्डालिया,रणजीत चंडालिया,महेन्द्र बाघमार,सुरेश तलेसरा,महिला मण्डल सदस्य प्रियंका दुग्गड़,पूर्व न.पा.क. पार्षद सुनिता सांवला,अंगुरबाला सिरोया,कुसुम ढीलीवाल, जागृति लोढा,धर्मसभा ब्यावर प्रतिनिधि झवेरीलाल सिसोदिया,डूंगला श्रमण संघ मंत्री रमेश मेहता आदि श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।उक्त सभा का संचालन राजेश खाब्या द्वारा किया गया।

### अग्रवाल समाज चौमहला ने मृतक शिवांश को न्याय दिलाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

# हमारा संसार उजड़ गया किसी और का नहीं उजड़े दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही हो-फरियादी मां

बढ़ता राजस्थान




**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के अग्रवाल समाज व अग्रवाल परिवार ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मृतक शिवांश के दोषियों पर कार्यवाही कर न्याय की गुहार लगाई।

ज्ञापन देने आई मां नीतू अग्रवाल ने भावभीन होकर बताया कि जैसे हमारा संसार उजड़ा है और किसी के घर का चिराग़ न बुझे इसलिए मेरे बेटे शिवांश को टक्कर मारकर मारने वालो के खिलाफ कार्यवाही होना चाहिए जयपुर पुलिस द्वारा इस मामले में कोई खास कार्यवाही नही की जा रही है। अग्रवाल समाज के अरविंद अग्रवाल ने बताया कि समाज के पुरुष महिला युवाओं व श्रीनाथ मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, जयपुर पुलिस महानिदेशक के नाम उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया ज्ञापन में बताया कि चौमहला निवासी विरेन्द्र अग्रवाल के पुत्र स्व.शिवांश उम्र 21 वर्ष जिसका जयपुर वधानी क्षेत्र शिवदासपुरा में 23 सितंबर को कॉलेज जाते समय थार वाहन चालक व उसके साथीगण द्वारा तेज गति से स्टंट कर टक्कर से शिवांश की मौके पर मौत हो गई थी इस मामले जयपुर दक्षिण शिवदासपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज भी करवाई गई लेकिन वहां स्थानीय पुलिस द्वारा कोई उचित कार्यवाही नहीं की जा रही है और मामले को दबाने व गुमराह करने का कार्य किया जा रहा है। वही उन लोगों द्वारा मौके से साक्ष्य मिटाने के भी प्रयास किए गए है जो कि गलत है उक्त मामले में मुख्यमंत्रीजी से निष्पक्ष कार्यवाही कर न्याय की मांग की उम्मीद करते हुए ज्ञापन दिया गया। इस दौरान ज्ञापन देने में अग्रवाल समाज संरक्षक नारायणलाल अग्रवाल,प्रदेशमंत्री अग्रवाल समाज जगदीश अग्रवाल,अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सतीश अग्रवाल,अरविंद अग्रवाल, अमित अग्रवाल,पूर्व सरपंच कमलेश अग्रवाल, दुर्गेश ऐरन, मधु अग्रवाल, भगवती प्रसाद अग्रवाल,महेश बंसल, अंकुर अग्रवाल,राजेंद्र अग्रवाल, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अध्यापक विनोद निगम, पुरण शर्मा, हेमप्रकाश टेलर,प्रेमवल्लभ भारद्वाज,रघुनंदन शर्मा, सत्यनारायण लोहार,गौरव अग्रवाल,दीप ऐरन,अशोक गुप्ता,अशोक लोहार सहित कई संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पीएम आवास (शहरी) में बढ़ावें प्रगति- जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी, (नि.स.)।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने गुरुवार को विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं, पीएम आवास (शहरी), सीएम स्वनिधि सहित अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए की एसडीआरएफ नोर्मस के तहत करवाये जाने वाले मरम्मत कार्यों की सूची को शीघ्र तैयार करवाकर मरम्मत कार्य शुरू करवाये जावें ताकि समय से कार्य पूर्ण करवाकर भुगतान प्रक्रिया शुरू की जा सके। पीएम आवास (शहरी) के तहत विशेष प्रयास करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को अधिकाधिक अर्जित करने के प्रयास किए जावें। साथ ही जो परिवार इस योजना के तहत अपात्र घोषित हो चुके हैं उन्हें सूची से हटाकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जावें।

उन्होंने निर्देश दिए की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जावें।

## आपकी पूँजी, आपका अधिकार अभियान से जनता को मिलेगा अपनी पूँजी पर अधिकार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** देशभर में बैंकों, बीमा कंपनियों, पेंशन खातों और निवेश योजनाओं में पड़ी अनक्लेम्ड वित्तीय पूँजी के त्वरित निपटान और वापसी के लिए केन्द्र सरकार विशेष अभियान चला रही है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने गुरुवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर ऑडिटोरियम, जेएलएन कॉलेज, अजमेर में वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग की ओर से आयोजित इस अभियान "आपकी पूँजी, आपका अधिकार" के शिविर में प्रोफेशनल, आमजन, व्यापारियों से अभियान का पूरा लाभ लेने की अपील की।

भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पारदर्शिता, जवाबदेहिता और जनहित के मूल्यों पर आधारित नीतियों के माध्यम से आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। "आपकी पूँजी, आपका अधिकार" अभियान से नागरिकों को अपनी मेहनत की कमाई तक आसानी से पहुँच सुनिश्चित होगी, जिससे आमजन का विश्वास और मजबूत होगा। भागीरथ चौधरी ने कहा कि डिजिटल भारत के इस युग में सरकार ने ऐसे तकनीकी प्लेटफॉर्म तैयार किए हैं, जिनकी मदद से नागरिक अपने पुराने बैंक खातों, बीमा पॉलिसियों या निवेश सम्बंधी बिना क्लेम वाले धन की जानकारी कुछ ही क्लिक में प्राप्त कर सकते हैं। यह अभियान वित्तीय समावेशन को नई गति देगा और आमजन को वित्तीय जागरूक बनाएगा।

कार्यक्रम में अजमेर दक्षिण विधायक श्रीमती अनिता भदेल, निगम उपमहापौर नीरज जैन, अजमेर शहर श्रीरमेश सोनी, बैंक ऑफ बड़ौदा सहित विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने की लापरवाह कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार शासकीय कार्यों में पूर्ण जवाबदेहिता और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। इसी दिशा में जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं भ्रष्टाचार के दोषी कार्मिकों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने 14 प्रकरणों में कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही और 2 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति का अनुमोदन किया है। अभियोजन स्वीकृति के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए 2 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार, सेवारत अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के 8 प्रकरणों में वार्षिक वेतन वृद्धियां रोकने का निर्णय किया गया है। साथ ही, सेवानिवृत्त अधिकारियों के चार प्रकरणों में पेंशन राशि रोकने का दंड दिया गया है। एक अन्य प्रकरण में नियम 34-सीसीए के अंतर्गत प्रस्तुत अपील को खारिज करते हुए पूर्व में प्रदत्त दंड को यथावत रखा गया है। वहीं, सीसीए, नियम-23 के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील में राहत देते हुए परिनिंदा तक सीमित किया गया है।

## उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने आरएएस में चयनित अभ्यर्थियों को दी बधाई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** सरकारी नौकरी सेवा का बहुत बड़ा माध्यम है। आम जन बहुत विश्वास से अपने कार्य के लिए सरकारी कार्यालय जाता है। उसे सही दिशा मिल जाए तो उसके परिवार, गांव, क्षेत्र की बड़ी समस्या दूर हो जाती है। आप लोगों ने मेहनत और समर्पण से सफलता अर्जित की है जिसमें कहीं न कहीं आपके परिवार, गुरुजन या किसी अन्य सदाशय व्यक्ति का सहयोग रहा होगा। अपने राजकीय दायित्व से परे भी कमजोर और विकास की दौड़ में पिछड़े कम से कम 1 परिवार का जीवन संवार कर ''गिव बैक टू सोसायटी'' की भावना को साकार करें। सदैव राष्ट्र सेवा को प्रथम रखें।

राजस्थान प्रशासनिक सेवा—2023 में चयनित हुए राज्यभर से आए हुए अभ्यर्थियों से बातचीत करते हुए उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने उन्हें यह प्रेरणा दी। इस दौरान दूदू विधानसभा क्षेत्र से भी सफल अभ्यर्थी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री ने चयनित हुए सभी अभ्यर्थियों से आत्मीय भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।

डॉ. बैरवा ने बताया कि यह सफलता आप सभी के कठिन परिश्रम, निष्ठा और समर्पण का परिणाम है। विश्वास है कि आप अपनी कर्मठता और ईमानदारी से प्रदेश के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाएँगे। उन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना भी की।

## रालसा ने जैसलमेर बस दुखान्तिका का लिया संज्ञान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** "जैसलमेर से जोधपुर आ रही बस में लगी आग के कारण झुलसे यात्रीगण" पर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जैसलमेर को उक्त प्रकरण में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। रालसा के निर्देशों की पालना में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जोधपुर महानगर) एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर के द्वारा महात्मा गांधी अस्पताल, जोधपुर में जाकर भर्ती घायलों की स्थिति का जायजा लिया तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें संबल दिया गया।

रालसा ने जोधपुर जिले के पुलिस कमीशनर को दुर्घटना में घायल / मृत व्यक्तियों के परिजनों से समन्वय स्थापित करने तथा अतिशीघ्र दुर्घटना की F.A.R. रिपोर्ट तैयार की जाकर उक्त रिपोर्ट संबंधित मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। जिससे बिना जटिल प्रक्रिया अपनाते हुए, जल्द से जल्द पीड़ितों को मुआवजा राशि प्राप्त हो सके।

### जयपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस में सुविधा शुरू, रेलमंत्री बोले- देश के पारंपरिक प्रिंट्स को मिलेगा बढ़ावा

# ट्रेन में यात्रियों को मिलेंगे सांगानेरी प्रिंट वाले कंबल कवर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** ट्रेनों में अब कंबलों पर सांगानेरी प्रिंट वाला कवर मिलेगा। लंबे समय से यात्रियों के मन में कंबलों की साफ-सफाई को लेकर संशय था। इससे उन्हें यात्रा में भी परेशानी होती थी। इसे ध्यान में रखते हुए रेलवे ने 'सांगानेरी प्रिंट वाले कवर की पायलट परियोजना' की शुरुआत की है।

जयपुर-अहमदाबाद (असारवा) जाने वाली ट्रेन में आज से ही यात्री इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसके अलावा उत्तर-पश्चिम रेलवे के 65 छोटे और मध्यम रेलवे स्टेशनों पर 100 करोड़ रुपए से ज्यादा लागत से किए गए विकास कार्यों का भी लोकार्पण किया। खातीपुरा स्टेशन पर आयोजित इस कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी और बगरू विधायक कैलाश चंद वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

लोकार्पण समारोह में रेलवे मंत्री ने कहा कि रेलवे ने आज एक नई शुरुआत हुई है, जो यात्रियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री हम सभी को प्रेरणा देते हैं कि हमारा हर काम नागरिकों, मध्यम वर्गीय और लो-इनकम परिवारों को ध्यान में रखकर होना चाहिए। उसी सोच के साथ हमने आज एक नया प्रयास शुरू किया है।

मंत्री ने बताया - यात्रियों के मन में लंबे समय से इस्तेमाल होने वाले कंबलों को लेकर स्वच्छता को लेकर संशय रहता था। इसे दूर करने के लिए रेलवे ने कंबलों पर कवर लगाने की व्यवस्था शुरू की है। उन्होंने कहा-जैसे घरों में हम कंबल पर कवर लगाकर इस्तेमाल करते हैं, वैसे ही अब ट्रेन में भी यात्रियों को प्रिंटेड कवर वाला कंबल मिलेगा। जयपुर से यह प्रयोग पायलट बेसिस पर शुरू किया गया है। अगर यह सफल रहा तो देशभर में लागू किया जाएगा।




रेल मंत्री ने कहा- इस कवर का फैब्रिक तैयार करते समय तीन बातों का विशेष ध्यान रखा गया है- इसकी लाइफ लंबी हो, धुलने में आसानी हो, प्रिंट टिकाऊ हो।

उन्होंने कहा कि सांगानेरी प्रिंट के अलावा देश के अन्य पारंपरिक प्रिंट्स को भी बढ़ावा दिया जाएगा। भारत में कई पारंपरिक प्रिंट हैं। हम अलग-अलग राज्यों के प्रिंट्स को रेलवे में बढ़ावा देंगे। हर डिजाइन और फैब्रिक का प्रयोग किया जाएगा, और जो परिणाम बेहतर आएगा, उसे देशभर में लागू किया जाएगा।

**यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए नए प्लेटफॉर्म :** मंत्री ने बताया - उत्तर-पश्चिम रेलवे के 65 छोटे और मध्यम रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए नए प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं। पुराने प्लेटफॉर्म को फुल लेंथ तक बढ़ाया गया है। प्लेटफॉर्म पर शेड लगाए गए हैं और यात्रियों की जानकारी के लिए डिजिटल साइन बोर्ड व कोच पोजिशन डिस्प्ले सिस्टम लगाए गए हैं। इसके साथ ही कई स्टेशनों पर एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली (Integrated Passenger Information System) भी शुरू की गई है।

मंत्री ने बताया- छोटे स्टेशनों के साथ-साथ जयपुर समेत कई बड़े स्टेशनों का डेवलपमेंट भी तेजी से किया जा रहा है। पिछली यात्रा के दौरान उन्होंने जयपुर जंक्शन और खातीपुरा स्टेशन के कार्यों का निरीक्षण किया था। आने वाले समय में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए और भी काम किए जाएंगे।

# यूडीएच मंत्री के सामने रियायती आवासीय भूखंड योजना की लॉटरी में हंगामा

### एसटी कोटे में दूसरों के नाम निकलने पर फूटा लोगों का गुस्सा; खर्रा बोले-1 महीने में होगी जांच

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (निसं)।** भीलवाड़ा में रियायती आवासीय भूखंड योजना की लॉटरी के दौरान यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की मौजूदगी में लोगों ने हंगामा कर दिया। ST कोटे में दूसरे वर्ग के लोगों के नाम निकलने पर यह विवाद हुआ।

हंगामे को देखकर यूडीएच मंत्री ने कहा- 1 महीने के अंदर लॉटरी प्रक्रिया की जांच पूरी होगी। जिन लोगों के दस्तावेज सही पाए जाएंगे, उनको ही आवंटन पत्र जारी होगा। वहीं जिन लोगों के दस्तावेज सही नहीं पाए जाएंगे, उनके आवेदन निरस्त किए जाएंगे।

मंत्री ने कहा- अगर किसी ने गलत दस्तावेज चाहे जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र या कोई भी दस्तावेज गलत प्रस्तुत किया है तो उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, भीलवाड़ा नगर निगम टाउन हॉल में गुरुवार को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने यूआईटी के 3081 प्लॉटों के लिए लॉटरी निकाली। इसके लिए कुल 88 हजार 239 आवेदन मिले थे। इस लॉटरी प्रक्रिया में शामिल होने जयपुर विकास प्राधिकरण की 3 सदस्यीय टीम भी पहुंची थी।

लॉटरी के दौरान एसटी कोटे में अन्य वर्ग के लोगों के नाम खुलने पर टाउन हॉल में मौजूद आवेदकों ने आपत्ति की। इनका कहना था- जब एसटी के लिए निर्धारित कोटा है और लॉटरी के फॉर्म की चेकिंग की गई है तो इस कोटे में दूसरे समाज के लोगों के नाम कैसे निकले। इस पर काफी देर तक टाउन हॉल में अधिकारियों की समझाइश के बाद लोग माने, लेकिन कुछ आवेदक लॉटरी निरस्त करने की मांग को लेकर हंगामा करते रहे।

लोगों ने हंगामा किया और लॉटरी निरस्त करने की मांग की। लॉटरी में शामिल लोगों ने आरोप लगाया कि जब यूआईटी ने फॉर्म चेक करने के लिए इतना टाइम लिया तो फिर गड़बड़ियां कैसे निकली। साथ ही लोगों ने कहा-प्रक्रिया के दौरान जो भी गड़बड़ियां सामने आ रही है, उनका इसी समय पर निस्तारण किया जाए और लॉटरी को स्थगित किया जाए।



### 8 योजनाओं में 3081 भूखंडों का होगा आवंटन

लॉटरी में हंगामे को लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा- जो भी आपत्तियां जिस-जिस कैटेगरी में आई है, हम उन कैटेगरी के सभी सब्मिट डॉक्यूमेंट का दोबारा वेरिफिकेशन करवाएंगे। यदि किसी भी टेक्निकल कारण से कोई भी मिस्टेक हुई है तो उसे क्लियर करवाई जाएगी। यूआईटी लॉटरी के बाद तभी प्लॉट अलॉट करेगी, जब पूरी कंडीशन चेक होगी।

यूआईटी की 8 योजनाओं में 3081 भूखंडों के लिए 88 हजार 239 आवेदन लॉटरी में आए। सबसे ज्यादा आवेदन EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) श्रेणी में 321 प्लॉट के लिए 21,877 लोगों ने किए। LIG (निम्न आय वर्ग) में 261 भूखंडों के लिए 8421 आवेदन और एमआईजी-ए श्रेणी में 1470 भूखंडों के लिए 40,560 आवेदन आए। एमआईजी-बी श्रेणी में 687 भूखंडों के लिए 10,080 आवेदन आए। सुबह 10 बजे लॉटरी प्रक्रिया शुरू करनी थी, लेकिन 10:30 बजे प्रक्रिया शुरू हुई। करीब 11.15 से नाम निकलने शुरू हुए।

## बस अग्निकांड में मौत का आंकड़ा बढ़कर 22 हुआ, बस मालिक और ड्राइवर गिरफ्तार

### जोधपुर में तैयार हो रही 66 बसें जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर/जैसलमेर (निसं)।** जैसलमेर बस अग्निकांड में पुलिस ने बुधवार रात बस मालिक तुराब अली और ड्राइवर शौकत को गिरफ्तार कर लिया। एसपी अभिषेक शिवहरे ने बताया- इस मामले में 2 एफआईआर दर्ज हुई थी। वहीं, इस अग्निकांड में मृतकों की संख्या 22 हो गई है। 54 साल की भागा बानो की गुरुवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। अब तक की रिपोर्ट के अनुसार, जोधपुर एम्स और महात्मा गांधी अस्पताल में रखे 18 शव परिजनों को सौंप दिए हैं। एक शव की पहचान नहीं हो पाई है। हादसे के बाद परिवहन विभाग की टीम ने जैनम कोच क्राफ्टर, जोधपुर परिसर में तैयार हो रही 66 बसों को जब्त किया है। टीम यह भी जांच की जा रही है कि बस बॉडी निर्माण के दौरान निर्धारित बॉडी कोड मानकों का उल्लंघन तो नहीं किया गया।



#### पीड़ितों के सीएम ने की आर्थिक पैकेज की घोषणा

इधर, हादसे के पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। जिस परिवार में तीन या इससे ज्यादा लोगों की जान गई है, उन्हें कुल 25 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। एक परिवार से एक या दो मौत होने पर प्रति व्यक्ति 10-10 लाख रुपए दिए जाएंगे।

## सोलर पंप स्थापना में राजस्थान अग्रणी राज्यों में : डॉ. किरोड़ी लाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** गुरुवार को कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल द्वारा ऑर्गेनिक फूड मार्केट का उद्घाटन, कृषि ज्ञान धारा 2.0 का प्रमोचन और IHITC संस्थान की वार्षिक पत्रिका हरित दर्पण का विमोचन किया गया। इसके साथ ही एक दिवसीय सूक्ष्म सिंचाई कार्यशाला का राज्य स्तरीय आयोजन भी किया गया। डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि ऑर्गेनिक फूड मार्केट की स्थापना का मुख्य ध्येय जैविक उत्पादकों को अपने उत्पाद का प्रचार-प्रसार करने हेतु प्लेटफार्म उपलब्ध कराना एवं उपभोक्ताओं को प्रमाणित जैविक उत्पाद उपलब्ध कराना है। आधुनिक सूचना तकनीकी एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए कृषि संबंधी तकनीकी एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी और प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से कृषि ज्ञान धारा 2.0 कार्यक्रम तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम में किसान कृषि सम्बन्धी उन्नत तकनीकों की जानकारी ले कर उत्पादन में वृद्धि कर रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत बन रही है। डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि सूक्ष्म सिंचाई पद्धति जल को सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचाने की एक कुशल सिंचाई तकनीक है, जिसमें ड्रिप और स्प्रिंकलर सिस्टम का उपयोग किया जाता है। राज्य में सूक्ष्म सिंचाई अंतर्गत क्षेत्रफल में अच्छे प्रयास करके किए गए हैं वर्तमान में लगभग एक चौथाई कृषि क्षेत्र सूक्ष्म सिंचाई के अधीन सिंचित है। सूक्ष्म सिंचाई जैसे बूंद-बूंद के द्वारा फर्टिगेशन तकनीक के माध्यम से उर्वरकों का भी कुशलतम उपयोग संभव है। हमारा विभाग किसानों में सूक्ष्म सिंचाई एवं उन्नत कृषि तकनीक के जानकारी पहुंचाने हेतु प्रचार-प्रसार की नवीन तकनीकों का उपयोग कर रहा है।

नॉलेज एनहैंसमेंट प्रोग्राम के तहत कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों एवं कृषकों का अध्ययन दल डेनमार्क जा कर गया है। जिसके द्वारा डेनमार्क में अपनायी जा रही कृषि से संबंधित गतिविधियाँ जैसे उन्नत कृषि तकनीकी, हाई-टेक उद्यानिकी, पशुपालन व डेयरी प्रबंधन एवं कृषि प्रसंस्करण क्षेत्र से संबंधित गतिविधियों का अवलोकन, अध्ययन किया गया।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम विलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।